हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 एचपीवी टीकाकरण की रफ्तार धीमी, तीन दिन में सिर्फ 112 बालिकाओं ...



13 सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सीएमओ को गुलाब ...










## खबर संक्षेप

### देवार बस्ती से 2.50 किलो ग्राम गांजा जब्त



**भिलाई।** पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध रुप से गांजा रखने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से देवार बस्ती में पुलिस चेकिंग करने निकली थी। टीम ने घेराबंदी कर 2.50 किलो ग्राम गांजा व नगदी 400 रुपए जब्त किया है। मछली मार्केट देवार पारा, खुर्सीपार निवासी अमजद देवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि इक्त गांजा उसी का है उसे बेचने के लिए रखा था। गांजा की कीमत 1 लाख 400 रुपए आंकी गई है। मौके पर सीएसपी प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी आनंद शुक्ला मौजूद थे।

### मुंबई भेजे जा रहे थे लोगों के डिटेल, पद्मनाभपुर पुलिस की कार्रवाई

# ऑनलाइन बैटिंग एप के लिए फर्जी अकाउंट बनाकर करोड़ों का लेनदेन, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

ऑनलाइन बैटिंग सट्टा एप के लिए फर्जी खाता खेलने और पैसों का लेनदेन का मामला सामने आया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा लोगों के डिटेल मुंबई भेजा जा रहा था, जहां से खाता खोलकर उनमें पैसों का लेनदेन किया जा रहा है।

इस खुलासे के बाद पुलिस ने दीपक नगर दुर्ग निवासी कुश, रजत होम्स हरि नगर के रितेश राय, चिंगरी पारा सुपेला के महेंद्र सिंह ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में इन फर्जी बैंक खातों से करोड़ों रुपए का लेनदेन करने की बात सामने आई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी अविनाश दुबे ने शिकायत की थी कि अवैध रूप से लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम, सिम, पासबुक, चेकबुक प्राप्त कर विभिन्न ऑनलाइन बैटिंग ऐप में धनराशि का लेनदेन किया जा रहा है। मुंबई भेजकर अवैध आर्थिक गतिविधियों में खातों को उपयोग किया जाता था। आरोपियों से पुलिस ने 22 एटीएम कार्ड, 10 चेक बुक, 8 बैंक पासबुक, 4 सिम कार्ड, 5 मोबाइल फोन, एक नकली पिस्टल, रिजिस्टर जब्त किया है। चेक करने पर आरोपियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए के लेन-देन की जानकारी मिली है। शुक्रवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(4), 319(2) भारतीय न्याय संहिता, धारा 42(2), 42(3) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले 16 आरोपियों की गिरफ्तार कर चुकी है। इस पूरे खुलासे के दौरान डीएसपी यदुमणी सिदार, सीएसपी दुर्ग हरिश मेहर, पदमनाभपुर टीआई राज कुमार लहरे मौजूद थे।

**आरोपियों से नकली पिस्टल, 22 एटीएम, 10 चेक बुक, 8 पासबुक, 4 सिम जब्त**



### खाते को किराए पर देने का बड़ा कारोबार, कार्रवाई के बाद भी दुर्ग जिले में नहीं थम रहे मामले

जिले में ऑनलाइन सट्टा को लेकर बड़ा अवैध कारोबार चल रहा है। बीते दो माह में भिलाई-दुर्ग से तीन दर्जन से भी अधिक युवक युवतियों पर पुलिस ने कार्रवाई कर चुकी है। इस मामले में कई निजी बैंको का नाम सामने आ चुका है। अब बैंक प्रबंधन पर भी पुलिस की कार्रवाई करने की तैयारी में जुटी हुई है। अचानक से शहर के निजी बैंको में खाता खोलने का काम धड़ल्ले से जारी है। इसमें आवश्यक दस्तावेजों को बैंक प्रबंधन दर किनार कर बड़े ही आसानी से ऑनलाइन सट्टे के कारोबारियों के लिए खाता खोला जा रहा है।

# 12 बीपीएल राशनकार्ड फर्जी जारी करने के मामले सहायक राजस्व निरीक्षक का डिमोशन

### भिलाई निगम जोन-5 के राजस्व अधिकारी ने किया था हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

नगर निगम भिलाई के सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा 12 फर्जी बीपीएल राशनकार्ड जारी कर दिया गया।

- जांच में दोषी पाए जाने के बाद की गई कार्रवाई
- राजस्व निरीक्षक से बनाया सफाई कामगार

मामले की जांच में दोषसिद्ध होने के बाद सहायक राजस्व निरीक्षक दुर्योधन राम साहू का डिमोशन कर दिया गया है। यानी प्रमोशन को निगम ने रोक दिया है। साहू को निगम ने वापस मूल पद सफाई कामगार पर कर दिया है। जो राशनकार्ड जोन क्रमांक 5 के द्वारा जारी किए गए उनमें सहायक राजस्व अधिकारी की जगह स्वयं साहू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए थे। जिला खाद्य विभाग के वेबसाइट से भी इन 12 बीपीएल राशनकार्ड को निरस्त भी कर दिया गया है।




### इस नियम के तहत पदोन्नति रुकी


सहायक राजस्व निरीक्षक जोन कमांक 5 के दुर्योधन राम साहू के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1960 के नियम 10 के अन्तर्गत (छ) में उल्लेखित प्रावधान के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें कर्मी का प्रमोशन रोकने व वेतन नीचे ग्रेड का करने का प्रावधान है। इसलिए साहू सहायक राजस्व निरीक्षक को उनकी पदोन्नति के पूर्व कार्यरत मूल पद सफाई कामगार पद पर जांच में दोषसिद्ध पश्चात डिमोशन किया गया है।

### गवाहों ने की पुष्टि

निगम ने इस मामले में विभागीय जांच शुरू करवाई। विभागीय जांच अधिकारी जांच अधिकारी दुर्गा प्रसाद नायक लेखापाल जोन 15 ने अपनी जांच रिपोर्ट भिलाई निगम के उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे को सौंपी। उपायुक्त बंजारे ने 30 मार्च 2026 को विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें गवाह श्रीमती कविता यादव के बयान एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर दुर्याधन राम साहू सहायक राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध आरोप सिद्ध होना प्रतिवेदित किया गया। साहू को निगम ने नोटिस देकर जवाब भी मांगा लेकिन उन्होने अपने जवाब में फर्जी बी.पी.एल राशनकार्ड किसी निजी व्यक्ति अभिजीत दास द्वारा जारी किया जाना उल्लेखित किया । लेकिन साहू ने कार्यालय प्रमुख अथवा स्थानीय पुलिस थाना को उसके विरुद्ध कोई शिकायत नहीं की। जिससे फर्जी बी.पी.एल. राशनकार्ड जारी किये जाने में उनकी संलिप्तता पाई गई।







## खबर संक्षेप



### स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर को दी गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मां स्व. पूर्णिमा चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर निज निवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चन्द्राकर परिवार की ओर से सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### पाटन विस में 40 लाख रुपए से होंगे विकास कार्य

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पाटन विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें ग्राम पंचायत कानाकोट में जैतखाम के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 10.00 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत अमलीडीह के खेल मैदान में अहाता निर्माण कार्य हेतु 18.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

### अंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग

दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी के नेता सचिन गवई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन देश विदेश में मनाया जाता है तथा इस दिन राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित होता है। अन्य त्योहारों की तरह इस अवसर पर भी जिले में शुष्क दिवस घोषित कर मांस मदिरा व शराब दुकान बंद किया जाना चाहिए।

# मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीणों को मिले 90 दिन का रोजगार, जल संरक्षण पर दिया जोर

## जिला पंचायत में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास के कामों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण पर जोर दिया गया। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से जल संग्रहण आधारित कार्यों को अधिक से अधिक स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से सोक पिट का निर्माण कराया जाए। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कम लागत एवं प्रभावी परिणाम देने वाले सोक पिट एवं जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से चयनित कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यों का चयन मांग आधारित हो तथा श्रमिकों को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार योजना अंतर्गत कार्यरत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए उसका समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित किया जाए।




### होने वाले कामों की जियो टैगिंग की जाएगी

बैठक में जानकारी दी गई कि समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग में तेजी लाने, लंबित प्रस्तावों को नियमानुसार प्रस्तुत कर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत लंबित निकासी बैठकों को शीघ्र आयोजित कर एटीआर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार जिला दुर्ग में 50, जनपद पंचायत पाटन में 16 एवं जनपद पंचायत धमधा में 55 निकासी बैठकें लंबित हैं, जिन्हें तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में गति लाने तथा मनरेगा के माध्यम से हितग्राहियों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## हिचक रहे अभिभावक, जागरुकता की कमी से अभियान प्रभावित

# एचपीवी टीकाकरण की रफ्तार धीमी, तीन दिन में सिर्फ 112 बालिकाओं को ही लगा टीका

## स्तन कैंसर के बाद सबसे अधिक मामले सर्वाइकल कैंसर के

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू तो हो गया है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी और फैली अफवाहें अभियान पर असर डाल रही हैं।

जिले में 14 से 15 वर्ष की उम्र की बालिकाओं को गार्डासिल टीका स्वास्थ्य केंद्रों में लगाया जा रहा है। दुर्ग जिला अस्पताल में 15 मार्च को इसकी शुरुआत की गई थी, जबकि जिलेभर में 6 अप्रैल से अभियान चलाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अभियान शुरू होने के बाद 9 अप्रैल तक केवल 112 बालिकाओं को ही टीका लगाया जा सका है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसे शुरुआती चरण का असर बता रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अफवाहों और जानकारी के अभाव के कारण अभिभावक अपनी बेटियों को टीका लगवाने से हिचक रहे हैं।

### जिले के इन स्वास्थ्य केन्द्रों में लग रहे टीके

दुर्ग जिला अस्पताल, सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, सिविल अस्पताल नगपुरा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धमधा, बोरी, अहिवारा, पाटन, झीट, कुम्हारी, उतई, निकुम, चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल अस्पताल कचांदुर, बीएसपी हॉस्पिटल सेक्टर-9 में बालिकाओं को टीके लगाए जा रहे हैं।



### ऐसे बढ़ाई जा रही जागरूकता

टीकाकरण की धीमी रफ्तार को तेज करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। मितानिनों के जरिए घर-घर संपर्क किया जा रहा है, जहां लोगों को एचपीवी टीके के फायदे समझाए जा रहे हैं और अफवाहों को दूर करने की कोशिश हो रही है। साथ ही स्कूलों को भी इस अभियान से जोड़ने की तैयारी है। जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी स्कूलों को पत्र भेजे जा रहे हैं, ताकि छात्राओं और अभिभावकों तक सही जानकारी पहुंच सके। स्वास्थ्य केन्द्रों में क्यूआर कोड भी चिपकाए जा रहे हैं, जिससे लोग टीकाकरण के पहले यू-विन डिजिटल प्लेटफार्म पर आसानी से अपना पंजीयन कर सकें। इसके अलावा जिन बालिकाओं को टीका लग चुका है, उन्हें भी आगे आकर अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए कहा जा रहा है।

### महंगा टीका अब मुफ्त, फिर भी अफवाहों से पीछे हट रहे लोग

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि एचपीवी का टीका पहले से निजी अस्पतालों में लगाए जा रहे हैं। इसकी कीमत करीब चार हजार रुपए तक होती है। अब यही टीका शासन द्वारा पूरी तरह निःशुल्क लगाया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। अब तक इस टीके से कोई साइड इफेक्ट सामने नहीं आया है और यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसके बावजूद कुछ लोग गलत जानकारी फैलाकर आम जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### क्या है सर्वाइकल कैंसर, क्यों जरूरी है बचाव

सिविल अस्पताल सुपेला के बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से यानी सर्विक्स में विकसित होता है। स्तन कैंसर के बाद सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर सर्वाइकल कैंसर है। यह बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती है और शुरुआत में इसके लक्षण साफ तौर पर दिखाई नहीं देते, जिससे समय पर पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी संक्रमण होता है, जो आमतौर पर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। अगर समय रहते जांच और बचाव न किया जाए, तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। एचपीवी टीके के जरिए इस कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें।

# जैविक खादों के उपयोग से फसलों के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा हरी खाद, नील-हरी शैवाल एवं जैव उर्वरकों पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त शिरिष चंद्र मिश्रा ने कहा कि यह अधिनियम शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सदैव सजग रहने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग की अवर सचिव गीता दीवान और मास्टर ट्रेनर अतुल वर्मा ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सूचना प्रदाय की ऑनलाइन प्रक्रिया, शुल्क भुगतान और अधिनियम के संशोधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल ने अधिकारियों को रिकॉर्ड्स का व्यवस्थित संधारण करने और आवेदनों के त्वरित निराकरण की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण अधिकारियों को अपनी जानकारी अपडेट करने और शंकाओं के समाधान का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। द्वितीय सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में हरी खाद, नील-हरी शैवाल और जैव उर्वरकों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि जीवामृत, बीजामृत और नैनो यूरिया जैसे विकल्प फसलों की पोषक आवश्यकताओं को काफी हद तक पूरा कर सकते हैं। संयुक्त संचालक कृषि ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान इन वैकल्पिक खादों की उत्पादन तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर संभाग के सभी जिलों के लगभग 100 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# वार्डों में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव, जनता से संवाद कर समस्याओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव प्रतिदिन सुबह दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों वार्ड 1, वार्ड 2, वार्ड 4, वार्ड 37 और वार्ड 38 पहुंचकर क्षेत्र मे विकास कार्यों का जायजा लिया।

मंत्री गजेन्द्र यादव वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने उनके सामने सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण, भवन निर्माण एवं शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। जिस पर उन्होंने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। गयानगर वार्ड 4 एवं राजीवनगर वार्ड 2 में भी वार्डवासियों के बीच पहुंचकर संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सड़क संधारण, भवन निर्माण एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और इसके वार्ड में बन रहे मांगलिक भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पंचशील नगर में उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, पार्षद लीना देवांगन, नरेंद्र बंजारे, मनीष कोठारी, गोविन्द देवांगन, दिनेश देवांगन, ममता देवांगन, अमित पटेल, नवीन साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, पार्षद रामचंद्र सेन, शिव नायक सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जनगणना के प्रथम चरण का प्रचार-प्रसार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई तक तथा स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित अवधि में संपन्न किया जाएगा। जनगणना के संचालन के लिए आमजन की जागरूकता एवं सक्रिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों में ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसारण किया जाएगा।

साथ ही शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर जनगणना से




संबंधित वीडियो, स्लोगन एवं अन्य सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं ट्रैफिक सिग्नलों पर उपलब्ध ऑडियो सिस्टम एवं सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से भी जनगणना संबंधी संदेश आम नागरिकों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय केबल नेटवर्क एवं जिला स्तरीय आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर व्यापक प्रचार किया जाएगा। निर्धारित समयसीमा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# संगठन को मजबूत बनाने ओबीसी मोर्चा जमीनी स्तर पर और बेहतर काम करेगा : तेखन सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की ओबीसी वर्ग मोर्चा की घोषणा के पश्चात प्रथम परिचात्मक बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा प्रमुख रूप से मौजूद थे। तेखन

■ बीजेपी ओबीसी मोर्चा की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक

सिन्हा ने पार्टी की रीति-नीति और हाईकमान से मिले निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन को जमीनी स्तर पर और भी अधिक मजबूत करने के लिए काम करेगा।

जिला संगठन के मार्गदर्शन में लोगों को जोड़ने अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक




पहुंचाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में उन्होंने कार्यकारिणी के सदस्यों और पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में महामंत्री दिलीप साहू, मनोज सोनी, राजा महोबिया, जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रकाश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, सुरेंद्र साहू, डॉ. भारती साहू उपस्थित रहे। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन के प्रमुख अंगों में से एक है, और इसकी सक्रियता से ही पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। कौशिक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं। इस विचारधारा के अनुरूप हम सभी को कार्य करना है हमारा कार्य संगठन की मजबूती के साथ-साथ केंद्र में राज्य सरकार की जनहित कार्य योजनाओं को आम जनमानस के बीच ले जाना और उसका लाभ दिलवाना है। बैठक में उपाध्यक्ष दिनेश देशमुख, ओपी रजक, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, मंत्री मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार सहित अन्य मौजूद थे।

## 1 अप्रैल से स्वीकृत हर कार्य की जानकारी पोर्टल में की जाएगी अपलोड

# विधायक निधि के काम होंगे ऑनलाइन, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को 1 2026 से ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर शुक्रवार को दुर्ग संभाग के सभी जिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण साइंस कॉलेज के राधाकृष्णन हॉल में दिया गया। संचालनालय योजना एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त संचालक डीएस वर्मा एवं संतोष राय ने विधायक निधि की पारदर्शी डिजिटल रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी।

■ ई-साक्षी पोर्टल का किया जा रहा संचालन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि सांसद निधि के कार्यों के लिए ई-साक्षी पोर्टल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अनुशंसा प्राप्त करना, स्वीकृति जारी करना और आदेश करना जैसे कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब विधायक निधि के कार्यों को भी इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से रायपुर में इस प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा था और अब इसे सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि नई प्रणाली लागू होने पर प्रारंभ में अनेक प्रकार की शंकाएं होती हैं, लेकिन ये बदलाव प्रशासनिक कार्यों को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण देते हुए बताया कि इससे सभी विभागों में कार्यप्रणाली में तेजी और सुगमता आई है।





### कामों के ऑनलाइन होने से आएगी तेजी

कलेक्टर ने कहा कि विधायक निधि की स्वीकृति और राशि जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रक्रिया को बारीकी से समझने को कहा, ताकि प्रणाली का क्रियान्वयन प्रभावी और सुचारू रूप से किया जा सके। इस अवसर पर कविता एन्थोनी, सागर साहू, सावित्री साहू, विधायक निधि शाखा के कर्मचारी, विधायकों के निज सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, नगर निगम, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य मौजूद थे।

## डबल इंजन की सरकार में कार्यकर्ताओं को घटिया साड़ी की सप्लाई : मुकेश चंद्राकर

भिलाई। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई घटिया गुणवत्ता की साड़ियों को लेकर विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि डबल इंजन की सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। जिन महिलाओं के कंधों पर पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, उन्हीं के सम्मान और अधिकारों के साथ सरकार द्वारा इस तरह का खिलवाड़ बेहद निंदनीय है।

■ भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने उठाए सवाल

राज्यभर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता, लंबाई और कपड़े को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं साड़ी छोटी है, कहीं कपड़ा कमजोर है तो कहीं पहली धुलाई में ही रंग उड़ने और धागे निकलने की शिकायतें मिल रही हैं। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। डबल इंजन सरकार हमेशा पारदर्शिता और सुशासन का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई साड़ियों में इस तरह की खामियां यह साबित करती हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन नहीं किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं प्रदेश की रीढ़ हैं, जो कम वेतन और सीमित संसाधनों के बावजूद निष्ठा से अपना कार्य करती हैं।

# मुआवजा और स्कूल भवन की मांग को लेकर किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ग्राम परसकोल, खैरझिटी एवं आसपास के सैकड़ों किसान एवं ग्रामीण अपनी लंबित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचे। भूमि अधिग्रहण मुआवजा और जर्जर स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

सुबह से ही किसान बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट परिसर में एकत्रित होने लगे। हाथों में ज्ञापन और अपनी मांगों से जुड़े दस्तावेज लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। किसानों का कहना था कि वे वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों में तहसीलदार ने किसानों से ज्ञापन प्राप्त किया। इस दौरान किसानों ने जिला कलेक्टर से सीधे मुलाकात की मांग की, जिस पर प्रशासन द्वारा 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलने की अनुमति दी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि ग्राम परसकोल की कृषि भूमि का अधिग्रहण लगभग 40 वर्ष पूर्व शासन द्वारा किया गया था। अधिग्रहण के समय उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक किसानों को कोई भुगतान नहीं मिला। हाल ही में अधिकारियों द्वारा

**8 सदस्यीय दल ने कलेक्टर से की मुलाकात**



मार्च 2026 तक मुआवजा देने की बात कही गई थी, परंतु तय समयसीमा बीतने के बाद भी किसानों को राहत नहीं मिली। इस दौरान किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने किसानों के हक की बात रखते हुए दो प्रमुख मांगें रखीं— पहली, अधिग्रहित भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए या वर्षों से उपयोग की जा रही भूमि का उचित क्षतिपूर्ति/किराया दिया जाए।

दूसरी, ग्राम खैरझिटी के प्राथमिक शाला भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नए भवन का निर्माण कराया जाए या अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति दी जाए, क्योंकि स्थिति आज ये है कि बच्चों को अच्छा भवन न होने के चलते पंचायत कार्यालय में स्कूल लगाकर पढ़ाया जा रहा है।इसका निराकरण करे, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सके। इस मौके पर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल,किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक के अध्यक्ष आत्मा साहू,अध्यक्ष लोधी सर्किल ढालू वर्मा,कमल नारायण सुपंथक,गंगाराम कुर्रे,परमेश्वर साहू,भवानी सिन्हा,केवल वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,पेखन यादव,तेजस्वर सोनवानी,जय प्रकाश विश्वकर्मा,तेजराम चंदेल इत्यादि धमधा क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने यह भी बताया कि भूमि के अभाव में कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है और वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि दोनों ही मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही। किसानों और ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। वहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### बोरई में गूंजेगी श्रीकृष्ण कथा, 18 तक आयोजन

**भिलाई।** बोरई में श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 अप्रैल तक किया जा रहा है। यह आयोजन सिन्हा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान विद्वान कथा वाचक रविशंकर डूबे बिरोदा द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा और रास लीला जैसे विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भी वर्णन किया जाएगा। 18 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### दलहन-तिलहन विक्रय के लिए परेशान हो रहे किसान

**पाटन।** विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व



जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बतलाते हुए आरोप लगाया है कि पहले खरीफ फसल में धान विक्रय के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा था और अब अपनी रबी फसल में तिलहन दलहन विक्रय के लिए चक्कर काटने को मजबूर है। किसानों ने अपनी फसल सरसों,चना,मसूर का पंजीयन विधिवत सोसायटियों के माध्यम से पूर्व में ही करवाया था,अब पाटन ब्लॉक के किसानों की पैदावार ऊपज को विक्रय के लिए सेवा सहकारी समिति पाटन को निर्धारित किया गया है। जहां क्षेत्र के किसान प्रतिदिन पहुंचने लगे हैं,दूर दूर से आए किसानों को समिति प्रबंधक द्वारा खाली बारदाना ना मिलने का बहाना बताकर चक्कर लगाने मजबूर कर रहे है। ज्ञात हो कि खरीदी व्यवस्था पूरी करने में असमर्थता जताई जा रही जिसके लिए शासन एवं प्रशासन दोनों जिम्मेदार हैं।

### निधन

**पी वत्सला**

**भिलाई।** सेक्टर 4 स्ट्रीट 36 क्वार्टर नंबर 7 बी भिलाई निवासी पी



वत्सला का निधन 9 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 11 अप्रैल को उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. आरटी पनिक्कर की पत्नी एवं बीना कुरूप, जय प्रदीप नायर, विजय प्रमोद की मां थीं।

## जामुल नगर पालिका का घेराव, राकेश ठाकुर की मौजूदगी में रखी अपनी मांगें

# सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सीएमओ को गुलाब भेंट कर सौंपा ज्ञापन, तुरंत हरकत में आया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

जामुल नगर पालिका परिषद क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के मुख्य उपस्थिति में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जामुल का घेराव कर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

धरना-प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेसजनों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि कांग्रेसजनों ने आक्रोश के बीच भी लोकतांत्रिक और सौहार्दपूर्ण तरीके से सीएमओ को गुलाब फूल भेंट कर अपनी मांगें रखीं, जो जनसमस्याओं को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करने का प्रतीक रहा।

ज्ञापन में नगर के सभी वार्डों में लंबे समय से बनी हुई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया, जिनमें पेयजल संकट, नालियों की सफाई का अभाव, जलभराव, मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, पेंशन योजनाओं में अनियमितता, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना की किस्तों में देरी, पट्टा नवीनीकरण में विलंब तथा डेरहा-लकड़ी टाल से नहर पुल तक जर्जर सड़क की मरम्मत जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। घेराव की सूचना

**स्थानीय नागरिकों ने दी बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी**





मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और कई मांगों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी गई। नगर में नालियों में दवा छिड़काव प्रारंभ किया गया तथा मच्छरों से राहत के लिए फॉगिंग मशीनें चालू कर दी गईं। वहीं पेयजल समस्या के समाधान हेतु झेझरी–पथरिया क्षेत्र में नया मोटरपंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति भी प्रारंभ कर दी गई। कांग्रेसजनों ने इसे जनता के संघर्ष और एकजुटता की प्रारंभिक जीत बताया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जामुल की जनता लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण समस्याएं बनी हुई थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि यह ज्ञापन आम जनता की आवाज है, जिसे प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सभी बिंदुओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अंत में कांग्रेसजनों ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी मांगों का पूर्ण निराकरण नहीं होता, तब तक जनहित की यह लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश साहु, करीम खान, मन्नु यादव, जिला महामंत्री प्रकाश ठाकुर, जिला महामंत्री दुर्गा गजबे, मंडल प्रभारी लोचन यादव, पालेश्वर ठाकुर, अभिषेक जांगड़े, श्यामाचरण मनहरण, सुनीता चेन्नेवार, सरोजनी चदांकर, शाबीहा करीम खान, ओमकार निर्मलकर, विकाश यादव, द्रोपती साहु, सीता ठाकुर, राम प्यारी वर्मा, प्रवीण देवांगन, हेमत साहु, संजय देशलहरे, टोनु देवागन , गौतम ठाकुर, सन्नी सुरेश साहु, जीवराखन वर्मा, लेखु साहु, अश्वनी साहु, सोनू बर्मन, शोभन ठाकुर, सुमित नारंग, गोपी वर्मा, किसुन साहु, कृष्ण कुमार निषाद और करण राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

**जिला प्रशासन ने किया हितग्राही की समस्या का समाधान**

## अंततः दृष्टिबाधित ईश्वर को मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन


प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते नहीं मिला अब तक न्याय
नेत्रहीन को भी नहीं मिला सहारा, तीन साल से राशन के लिए भटक रहा बुजुर्ग





खबर का असर

अंततः नेत्रहीन हितग्राही ईश्वर प्रसाद की समस्या का समाधान जिला प्रशासन ने किया। 'हरिभूमि' ने 10 अप्रैल के अंक में यह मुद्दा प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसका तत्काल असर देखने को मिला। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए नेत्रहीन हितग्राही ईश्वर प्रसाद की समस्या का समाधान किया। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं खाद्य अधिकारी अनुराग सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम तर्रीघाट निवासी ईश्वर प्रसाद को राशन उपलब्ध कराया गया और उनके राशन कार्ड से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करवाई गईं।

गौरतलब है कि ईश्वर प्रसाद, जो कि दृष्टिहीन हैं, पिछले लंबे समय से राशन के लिए परेशान हो रहे थे। उनके राशन कार्ड के मुखिया की मृत्यु हो जाने के कारण 1 अक्टूबर 2025 से उनका कार्ड बंद हो गया था, जिससे उन्हें शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। मामले को 'हरिभूमि' ने प्रमुखता से खबर उठाया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और 13 मार्च 2026 की तिथि से उनका राशन कार्ड पुनः बहाल (रिस्टोर) कर दिया गया।

हालांकि विभागीय जानकारी के अनुसार वर्तमान माह तक तीन माह का राशन आवंटन पहले ही जारी किया जा चुका था, जिसके चलते तकनीकी रूप से तत्काल वितरण संभव नहीं था। इसके बावजूद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों ने विशेष पहल कर ईश्वर प्रसाद को राशन उपलब्ध कराया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही उनके राशन कार्ड का केवाईसी भी पूर्ण कराया गया तथा कार्ड में मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। अब आगामी महीनों में उन्हें ओटीपी के माध्यम से आसानी से राशन प्राप्त हो सकेगा, जिससे उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।इस सराहनीय पहल से ईश्वर प्रसाद और उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने जिला प्रशासन, विशेष रूप से दुर्ग कलेक्टर एवं खाद्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए 'हरिभूमि' का भी धन्यवाद किया, जिसने उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाकर समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# नवीन शिक्षक संघ की मांग पर कार्यवाही करने डीईओ ने तीनों बीईओ को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई




नवीन शिक्षक संघ छग के प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार व जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने


- **त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची को अप्रैल 2026 की स्थिति में सुधार कर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों को रिक्त पदो पर पदोन्नति देने की मांग**

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाक़ात की। जिसमें 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में जारी वरिष्ठता सूची में व्यापक त्रुटि होने की जानकारी दी गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची को सुधारकर जल्दी ही संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में पदोन्नत, पदोन्नति से इंकार, पदोन्नति लेने से असहमत मृत्यु व सेवानिवृत्त शिक्षकों का नाम विलोपित कर पूरी पारदर्शिता के साथ सूची जारी कर दावा आपत्ति करने के लिए पात्र शिक्षकों को पर्याप्त अवसर देने की मांग की गई। इसके साथ ही सहायक शिक्षकों का रिक्त प्रधान पाठक प्राथमिक शाला व विषयवार शिक्षक, शिक्षकों का रिक्त प्रधान पाठक माध्यमिक शाला मे जल्दी पदोन्नति देने व अवकाश के दिनों में कार्य करने वाले शिक्षकों से आवेदन मांगकर ब्लॉक स्तर पर सर्विस बुक में अर्जित अवकाश संधारण किये जाने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित करने की मांग को प्रमुखता से रखी गई। पदाधिकारियों के अनुसार इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग ने नवीन शिक्षक संघ के मांग पत्र जल्दी ही नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए पाटन, दुर्ग व धमधा के विकास खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किये हैं। प्रतिनिधिमंडल में गिरीश साहू, दुष्यन्त कुंभकार, संजीव मानिकपुरी, बी. प्रकाश, मनोज जोशी, दीपक साहू, आनंद पांडे, प्रकाश हिरवानी शामिल थे।

## आरंभ की बैठक में काव्यपाठ



**भिलाई ।** साहित्यिक संस्था आरंभ की बैठक भिलाई निवास के काफी हाउस में संगठन के मुख्य संरक्षक व्यवसायी कैलाश जैन बरमेचा व मुख्य सलाहकार आचार्य महेशचंद्र शर्मा की उपस्थिति में हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि शरद कोकास व अध्यक्षता साहित्यकार परदेशीराम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि लेखन में दृष्टि व दिशा प्रतिबद्धता से मिलती है। केवल सही दृष्टि चाहिए। शरद कोकास ने कहा कि ज्ञान ऐसी चीज है,जिसका कोई अंत नहीं । हम कितना कुछ कर लें फिर भी पूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। श्री बरमेचा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वागत भाष प्रदीप भट्टाचार्य ने दिया और विद्या गुप्ता ने कविता पढ़ी। बैठक में महाविद्यालय में काव्य पाठ की जानकारी दी गई। ब्रजेश मलिक व राकेश गुप्ता ने आरंभ कीसदस्यता ली। बैठक में अनिता करडेकर शानू मोहनन, शेफाली भट्टाचार्य, आलोक चंदा, प्रकाशचंद्र मंडल, पल्लव चटर्जी, शुभेंदु बागची, डां, नौशाद सिद्दीकी, जाविद हसन, दशरथ सिंह, जसवंत सिंह मंडावी, विजय गुप्ता उपस्थित थे।


शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विशेष - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय, धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

**बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन के लिए हुई बैठक**

# कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मजबूती से काम करें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार मिनाक्षी नगर दुर्ग में पूर्व विधायक एवं पूर्व केबनीट मंत्री ताम्रध्वज साहू मार्गदर्शन में तथा ब्लॉक प्रभारी दुर्गा गजबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ एवं सेक्टर तथा कांग्रेस कार्यकर्त्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। यह बैठक छतीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के मंशाअनुसार संघठन सृजन के तहत बूथ कमेंटी के गठन एवं पंचायत एवं वार्ड कमेटी के गठन हेतु विशेष दिशानिर्देश दिया गया। मंडल एवं सेक्टर कमेटी की सक्रियता एवं उनकी भूमिका को इंगित करते हुये मंडल एवं सेक्टर कमेटी की बैठक करना हेतु कहा गया।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यताओं मनोबल बाढ़ते हुये कहा की बूथ एवं पंचायत की इकाई हमारे संघठन की रीड की हड्डी है।कार्यकर्त्ता जमीनी स्तर पर मजबूती से काम करें उनकी मजबूती ही पुरे संघठन को मजबूती मिलता है इसलिए जमीनी स्तर पर बैठक लेकर इकाई का गठन करें नये कार्यकर्ता के साथ साथ पुराने कार्यकर्त्ताओं की सूद ले। ब्लॉक प्राभारी दुर्गा गजबे ने इकाई गठन के परिपेक्ष में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशो को अवगत कराया। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेंद्र देशमुख द्वारा संघठन के ढांचे को बैठक में रखा। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख एवं रिवेन्द्र यादव, विशाल देशमुख, योगिता चन्द्राकर ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नंद कुमार सेन,उपाध्यक्ष जनपद राकेश हिरवानी, झमित गायकवाड़, लक्ष्मी साहू, जामवंत गजपाल, डॉ पिलेश्वर साहू, घनश्याम जगपाल, मंडल प्रभारी जागेत्री साहू, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू, शिवनारायण दिल्लीवार, धमेंद्र बंजारे, देव राज चतुर्वेदी, रविंद्र सिन्हा, दिवाकर गायकवाड़ आदि उपस्थित थे।

### जनगणना के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**पाटन।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूची करण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक किया जाना हैं। उक्त कार्य हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) के रूप में आधिकारियो एवं कर्मचारियो की डयूटी लगाई गई है। जिनका तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रथम चरण में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल, 15 अप्रैल से 17 अप्रैल एवं 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सेजस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन, विकासखण्ड पाटन में सुबह 9.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक आयोजित हैं। उक्त तिथि पर संबंधित कर्मचारी एवं कोटवारों की डयूटी आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




# पावर ऑफ अटार्नी रद्द होने के बाद भी जमीन की कर दी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जमीन के फर्जीवाड़े के मामले में अधिवक्ता समेत 7 के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। घटना अमलेश्वर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाटन ने आदेश दिया है। आदेश के बाद पुलिस ने

- अमलेश्वर पुलिस ने किया कार्रवाई, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ अपराध

कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम झींट निवासी रामानंद पटेल ने न्यायालय में आवेदन देकर आरोप लगाया कि उनकी लगभग 2.40 हेक्टेयर कृषि भूमि को छलपूर्वक हड़प लिया है। भूमि में खसरा नंबर 531/1, 557, 562/3, 829/2 सहित कुल 11 खसरे शामिल हैं। पीड़ित का दावा है कि यह जमीन पूरी तरह उनके नाम, स्वामित्व और कब्जे में थी। मामला वर्ष 2015 का था। रामानंद पटेल ने जरूरत पड़ने पर दउआराम पटेल से ब्याज पर पैसा लिया था। उन्होंने 26 अक्टूबर 2015 को अपनी जमीन के लिए एक रजिस्टर्ड पावर ऑफ अटॉर्नी बनाई थी, जो केवल 2 साल के लिए मान्य थी। 10 अगस्त 2017 को कर्ज चुकाने के बाद, रामानंद पटेल ने पावर ऑफ अटॉर्नी को विधिवत निरस्त कर दिया था और इसकी जानकारी आरोपी को भी दे दी गई थी। आरोप है कि 13 सितंबर 2017 से 2019 तक रामानंद पटेल जिला जेल दुर्ग में बंद थे। आरोपियों ने उनकी इस स्थिति का फायदा उठाते हुए जमीन पर कब्जा करने की साजिश रची। आरोपियों में शामिल अधिवक्ता आशुतोष शुक्ला और कल्याण दास बघेल ने कथित तौर पर जेल जाकर एक नया खास मुख्तारनामा तैयार कराया, जबकि पुराना मुख्तारनामा पहले ही निरस्त हो चुका था।

## अधिवक्ता समेत सात पर एफआईआर, 11 साल पुराना मामला




### बैंक के केसीसी लोन चुकाकर दस्तावेज हासिल किया

मामले में एक और आरोपी अशोक खटवानी ने जमीन पर चल रहे बैंक के केसीसी लोन को जमा कर दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद आरोप है कि दौवाराम पटेल ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 24 अक्टूबर 2017 को, निरस्त हो चुके पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री कर दी। यह रजिस्ट्री उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों लता बाई पटेल, कमल किशोर पटेल, मानसिंह साहू समेत अन्य के नाम पर की गई।

### रजिस्ट्री छल, कपट और कूटरचना से

सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि एक अन्य सिविल वाद के दौरान खुद आरोपी पक्ष के गवाह ने न्यायालय में स्वीकार किया कि 10 अगस्त 2017 को पावर ऑफ अटॉर्नी निरस्त हो चुकी थी। गवाही में यह भी माना गया कि इसके बाद की गई रजिस्ट्री छल, कपट और कूटरचना की श्रेणी में आती है। यानी, कोर्ट के सामने ही यह स्पष्ट हो गया कि जमीन की बिक्री अवैध तरीके से की गई थी।

### पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तब न्यायालय पहुंचा मामला

रामानंद पटेल ने पहले थाना अमलेश्वर और एसपी को शिकायत की थी, लेकिन इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे निराश होकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। जहां से सात पर अपराध दर्ज करने का आदेश मिला। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी), 340 (कूटरचना), 61(1) और 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जमीन की रजिस्ट्री, बैंक दस्तावेज, पावर ऑफ अटॉर्नी और जेल में हुए कथित दस्तावेजी लेनदेन की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### एक्स ओए की बैठक कल

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की आम सभा की बैठक सोमवार, 13 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में होगी। बैठक में बिलासपुर हाई कोर्ट में ट्रस्ट के ईपीएस 95 पेंशन केस की स्थिति, कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले के प्रभाव, न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की स्थिति, मेडिक्लेम स्कीम 2026 में किए जाने वाले संशोधनों के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

### हेरोईन तस्करी के चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** हेरोइन की तस्करी करते चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड के किराये के मकान में हेरोईन (चिट्टा) रख कर बेचने की जानकारी मिली थी। मौके पर जामुल पुलिस पहुंची और घेरांबदी कर युवकों को पकड़ा गया। जिसमें भौदपुर थाना तर सिक्का, जिला अमृतसर पंजाब निवासी रजविंदर कौर, मजिठा रोड लक्ष्मी विहार गली 5 अमृतसर पंजाब राजवीर सिंह, अमृतसर पंजाब कुलदीप सिंह, लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 91.9 ग्राम हेरोईन और नगदी रकम जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि हेरोइन को अमृतसर पंजाब से लाकर भिलाई में बेचने की फिराक में थे। हेरोइन की कीमत 18.69 लाख रुपए आंकी गई है।

### लूट का प्रयास करने वाले धरे गए

**भिलाई।** लूट का प्रयास करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि



इंटरप्राइजेस गोदाम के पास रात को दो अज्ञात युवकों ने पीड़ित का रास्ता रोक कर धारदार हथियार दिखाकर नगदी रकम लूटने का प्रयास किया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वार्ड 16 शीतला बस्ती निवासी टामन साहू उर्फ डायमंड और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने एक धारदार हथियार जब्त किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा, उनि जयनारायण पटेल, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सिंह, आरक्षक बंटी सिंह समेत टीम का योगदान रहा है।

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की



सूचना पर लक्ष्मी मार्केट कचरा मैदान स्थित बिजली ट्रांसफार्मर के पास सफेद बोरी में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस को सूचना पर अंबेडकर नगर वार्ड 11 वैशाली नगर निवासी सौरभ साखरे उर्फ सोनू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 2 किलो 250 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 1.10 लाख रुपए है।

## 11 नए मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग, निगम व बीएसपी की टीम ने किया दौरा

# सेक्टर 7 में पीलिया का प्रकोप, जागा प्रशासन पीड़ितों का लिया ब्लड सैंपल व पानी के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के सेक्टर 7 में फैले पीलिया के प्रकोप लेकर जिला प्रशासन जाग गया है। शुकवार को जिला स्वास्थ्य विभाग और बीएसपी व नगर निगम की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान आज 13 और नए मरीजों की पहचान की गई, जिनका प्राथमिक उपचार बाद घर पर ही स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सकीय सलाह दी गई। वहीं वार्ड के पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने क्षेत्रवासियों के साथ बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं ) से मिलकर तत्काल दूषित पानी को रोकने जर्जर पेयजल पाइप लाइन बदलने की मांग की। क्षेत्र में सफाई अभियान भी शुरु किया गया और घरों नगर निगम के टैंकरों से पीने का पानी पहुंचाया गया।

सेक्टर 7 सड़क 37-ए, बी और सड़क 37 सी में उल्टी,दस्त और फीवर के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। यहां घरों के नलों में पिछले कुछ दिनों से गंदे पानी की सप्लाई के वजह से पीलिया के मरीजों की जानकारी मिलने पर वार्ड पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने क्षेत्र का दौरा कर राहत की मांग की थी।

कल नौ बच्चे उल्टी दस्त से पीड़ित पाए गए थे जिनमें 4 बच्चे अस्पताल में भर्ती थे। आज सुबह सीएमओ डां. दानी वसुपेला अस्पताल के प्रभारी डां. पीयाम सिंह के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और 110 घरों का भ्रमण कर 11 पीलिया पीड़ितों की पहचान की। अन्य 7 लक्षणयुक्त लोगों के ब्लड सैंपल लेकर जिला अस्पताल लैब भेजा। अब तक कुल 15 मरीज मिल चुके हैं। उल्टी दस्त से पीड़ित 4 अन्य बच्चों का घर पर प्राथमिक उपचार कर पानी उबालकर पीने आदि की एहतियातन सलाह दी गई। पीलिया से पीड़ित बच्चे शंकरचार्य व अन्य अस्पताल में भर्ती है। उल्टी दस्त से पीड़ितों में अंशुल पिता सरवन 15 वर्ष, विशाल पिता लक्ष्मीनारायण 15 व देवेंद्र 13 शामिल हैं। दीपक नामक एक बच्चा गंभीर है जिनके पालक ने घर पर ही आयुर्वेद इलाज करवाते रहने का आग्रह टीम से किया।

## गंदे नाले की जर्जर पाइपलाइन का किया निरीक्षण, जेसीबी से हुई सफाई, स्थायी निदान की मांग






### संयुक्त टीम पहुंची घर-घर

पार्षद लक्ष्मीपित के साथ नगर निगम, बीएसपी स्वास्थ्य विभाग की टीम आज प्रभावित क्षेत्र सेक्टर 7 सड़क 37 ए, बी व सी में घर घर पहुंचकर प्रभावितों की जानकारी ली और जरुरतमंदों की सहायता उलब्ध कराई गई। क्लोरीन टैबलेट वितरित की गई और बीएसपी के पीएचई व नगर निगम की टीम ने घरों से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। गंदे नाली के सीवेज पानी से गुजरने वाली जर्जर पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण भी किया गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि आसपास भारी गंदगी फैलने और घरों के नलों में गंदा पानी आने से बच्चे बीमार हो रहे हैं। पार्षद व क्षेत्रवासियों की मांग पर संयुक्त टीम द्वारा सफाई अभियान शुरु किया गया। जेसीबी के द्वारा नालियों और आसपास की सफाई की गई।

### निगम के टैंकरों से की साफ पानी की सप्लाई

पीलिया प्रभावित क्षेत्र में घरों में गंदे पानी की समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद द्वारा टैंकरों से साफ पानी के सप्लाई की मांग कमिश्नर से की गई। इस पर क्षेत्र सुबह नगर निगम के टैंकरों से घर घर पीने के पानी वितरित किया गया। टैंकर से पानी भरने के लिए लोग भारी जद्दोजहद करते दिखे। सड़क 37 के निवासियों ने कहा कि घर के नलों में नियमित रुप से स्वच्छ पानी आपूर्ति होते तक रोज टैंकर से पानी दिये जाने से बीमारी की चिंता नहीं रहेगी।

### सीजीएम से मिले पार्षद लक्ष्मी

सेक्टर 7 वार्ड 67 के सड़क 37 में पीलिया के प्रकोप को देखते हुए पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एबी श्रीनिवासन ने मिलकर समस्या के जल्द निदान की चर्चा की। उन्होंने सीजीएम से समस्या की वजह गंदे नाले के पानी में डूबी जर्जर पेयजल पाइप लाइन से घरों में होने वाले गंदे पानी को बताया। श्री राजू ने शीघ्र मेन पाइप लाइन सहित बेकलेन की सहायक पाइप लाइनों को बदलने की मांग की। श्री राजू ने बताया कि सीजीएम ने जल्द पाइप लाइन संधारण का भरोसा दिलाया है।

# खंडहर में मासूम बच्ची को बोरे में बंद कर फेका, अनाचार का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



पांच साल की मासूम बच्ची के बोरे में बंद मिलने से सनसनी फैल गई। मासूम के साथ अनाचार का प्रयास किया गया है। मामले में पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उतई पुलिस बताया कि उतई बंजारी पारा में खंडहर के पास खुली झाड़ियों में बच्ची अचेत अवस्था में बोरे में बंद मिली। पैर बाहर से दिख रहा था। ग्रामीणों ने अचानक बोरी को हिलते डूलते देखने पर पुलिस को सूचना दी। बोरी खोलकर देखने पर बच्ची का मुंह तकिया कवर से बंधा मिला। बच्ची काफी डरी सहमी हुई थी। तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बच्ची अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। परिवार व ग्रामीणों ने आसपास खोजबीन करना शुरु कर दिया था। काफी देर के बाद 2 युवकों ने खंडहर के पास एक बोरा पड़ा देखा। संदेह होने पर जब बोरा खोला गया तो भीतर बच्ची मिली। उसका मुंह तकिया कवर से बंधा हुआ था। चिकित्सकों के मुताबिक बच्ची काफी घबराई हुई है। उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है, जिसके बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। घटना की खबर लगते ही उतई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम भी पहुंची और सबूत जुटाए गए हैं।




# विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने निगम का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



निगम के योगा उद्यान में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निगम कार्यालय का घेराव किया। परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें भिलाई नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय, महापौर नीरज पाल और जोन कमिश्नर अजय राजपूत को निलंबित कर उनके ऊपर एफआईआर करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्री हनुमान जी के ऊपर संबल एवं कुदाल चलाया गया था। नगर निगम भिलाई के द्वारा हिन्दू धर्म विरोधी मानसिकता है। इससे हिन्दू जनभावनाओं को ठेस पहुंचा है। परिषद ने यह भी मांग की है कि छावनी में नगर निगम की जमीन में अवैध रूप से चर्च


- निगम के योगा उद्यान में वीर हनुमान की प्रतिमा स्थापित करने का मामला तूल पकड़ा

बना हुआ है उनकी जांच की जाए। कोसानाला गौशाला में गौवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है. इसे संज्ञान में लेते हुए गौशाला की स्थिति में सुधार किया जाए। सुपेला घडी चौक पर जो मजार बना हैं उसकी संपूर्ण जांच की जाए। जुनवानी चौक से जो अवंती बाइ चौक के लिए जाते है तो वहां जो ईदगाह चौक है वहां जो मजार बनी हैं क्या वो वैध हैं इनकी जांच की जाए।

# हिन्दी बारहवीं की दोबारा परीक्षा देने नहीं पहुंचे 177 छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक मंडल ने शुक्रवार को बारहवीं हिन्दी विषय की दोबारा परीक्षा आयोजित करवाई। इस परीक्षा में जिले के 177 विद्यार्थी दोबारा परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इस विषय का पेपर लीक हो



- परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए डीईओ अरविंद कुमार मिश्रा

गया था। जिसकी वजह से परीक्षा फिर से करवानी पड़ी।

दुर्ग जिले के 130 परीक्षा केंद्रों में इस विषय की परीक्षा ली गई। सुबह 9.15 बजे से परीक्षा शुरू हुई और दोपहर 12.15 बजे तक चली। पेपर फिर से लीक न हो इसके लिए लाकिंग सिस्टम बोर्ड ने अपनाया था। संबधित थानों से परीक्षा शुरू होने के पहले पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्नपत्र केंद्रों में लाए गए।

### जिले से 12 हजार 842 विद्यार्थी हुए शामिल

दुर्ग जिले से हिन्दी विषय की परीक्षा देने के लिए 13 हजार 10 विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। जिसमें से 12 हजार 842 विद्यार्थी ही उपस्थित रहे और 177 विद्यार्थी नहीं पहुंचे। इतनी संख्या में विद्यार्थियों के नहीं पहुंचना भी विभाग के लिए चिंता का विषय है। हालांकि विद्यार्थियों को बोर्ड ने और जिला शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तिथि की सूचना पहले से ही पहुंचा दी थी।

### डीईओ ने किया निरीक्षण

परीक्षा के सफल संचालन एवं नकल प्रकरण रोकने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। नकल प्रकरण नहीं मिला है। डीईओ ने परीक्षा केंद्र क्रमांक 141055 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरपोटी., परीक्षा केंद्र क्रमांक 141014 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई., परीक्षा केंद्र क्रमांक 141022 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पाउवारा, 141076 सेजस बोरसी, 143002 शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग निरीक्षण किया।

# फर्जी लोन का झांसा देने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** फर्जी लोन का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मौहारी भाठा, थाना नेवई निवासी पूर्णिमा साहू ने शिकायत किया है कि मकान खरीदने के लिए लोन लेने की इच्छा किया। आरोपियों द्वारा पोस्टर के माध्यम से संपर्क कर स्वयं को लोन दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों द्वारा पीड़िता से दस्तावेज प्राप्त कर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए गए। लोन प्रोसेसिंग के नाम पर6 हजार 500 की राशि ली गई। आरोपियों द्वारा लोन उपलब्ध नहीं कराया बल्कि गुमराह किया गया। पुलिस ने पतासाजी कर ग्राम छाटा उतई निवासी भूपेश भारती उर्फ राम उर्फ दुर्गेश, कैम्प 2 शारदापारा संजय जनबंधु, रूआबांधा बस्ती हेमंत गुप्ता उर्फ किशन गुप्ता को गिरफ्तार किया गयाष आरोपियों के पास से दस्तावेज एवं बैंक चेक जब्त किया गया। कार्रवाई में टीआई अनिल कुमार साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ का धरना आज

**भिलाई।** रिटेंशनधारियों के किराया वृद्धि की मांग को लेकर सेवा निवृत्त कार्मिक कल्याण संघ द्वारा शनिवार को सुबह 8 से शाम 4.30 बजे तक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा निवृत कार्मिक कल्याण किराया वृद्धि वापस लेने की मांग व चेतावनी के बाद भी 18% ब्याज के साथ पूर्व का बकाया भी भेजा गया है। बीएसपी प्रबंधन का अपने रवैये मे बदलाव नहीं दिखाना एवं प्रबंधन का पुराना सर्कुलर जिसमे रुआबांधा के डैमेज खंडहर वाले मकानों को रिटायर कर्मचारियों को देने का निर्णय लिया गया था उसी को पुनः 1 अप्रैल को जारी करके सभी को दिग्भ्रमित करने प्रयास किया जा रहा है।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए भिलाई निगम कर रहा लोगों को जागरूक

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में बढ़ती भीषण गर्मी एवं लू के प्रभाव को देखते हुए नागरिकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों एवं



सार्वजनिक स्थलों पर पाम्पलेट वितरण कर लोगों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के तहत नागरिकों को बताया जा रहा है कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना एवं शरीर का तापमान बढ़ना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत छांव में आराम करने, शरीर को ठंडा रखने और आवश्यक होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की जा रही है। निगम द्वारा नागरिकों को सलाह दी गई है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, हल्के एवं सूती कपड़े पहनें, सिर को ढककर रखें तथा अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। साथ ही छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई है।

# सिम्प्लेक्स के ठेकेदार ने की 65.68 लाख की ठगी

**भिलाई।** सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के ठेकेदार द्वारा 65.68 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। जामुल पुलिस ने बताया कि कंपनी में ठेकेदार एमआईजी बी/7 वार्ड 11 शांति नगर भिलाई निवासी मो. अकरम खान मजदूरों के भविष्य निधि,कर्मचारी राज्य बीमा और वस्तु एवं सेवा कर की राशि का भुगतान नहीं किया। जबकि कंपनी ने उसे नियमित रूप से भुगतान किया था। सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड ने 2023 को मो. अकरम खान के साथ फाउंड्री विभाग में लेबर सप्लाई का अनुबंध किया था। ठेकेदार को प्रति माह कंपनी से मिले पैसों से मजदूरों की सैलरी, भविष्य निधि , कर्मचारी राज्य बीमा आदि का भुगतान करना था। खुलासा तब हुआ जब अक्टूबर माह में जीएसटी विभाग ने कंपनी को सूचित किया कि ठेकेदार ने कई महीनों से जीएसटी का भुगतान नहीं किया है। सूचना के बाद, कंपनी ने आंतरिक जांच शुरू की। जांच में पाया कि ठेकेदार ने न केवल जीएसटी, बल्कि मजदूरों के भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा की राशि भी सरकारी खातों में जमा नहीं की थी। वित्तीय अनियमितता का सीधा असर मजदूरों पर पड़ा है। उनके खातों में भविष्य निधि की राशि जमा न होने के कारण भविष्य निधि प्रभावित हुई है। घटना की शिकायत कंपनी के डीजीएम मनीष कुमार सिंह ने पुलिस से किया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

- कंपनी के डीजीएम ने की शिकायत, जुर्म दर्ज



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी टच...


## लाइव इवेंट

### बोरई में श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन




**भिलाई।** बोरई क्षेत्र में भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 10 अप्रैल से 18 अप्रैल तक सिन्हा परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रहेगा।

आयोजन के अंतर्गत संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन विद्वान कथा वाचक रविशंकर दुबे बिरोदा द्वारा किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म एवं मानव जीवन के आदर्श मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों जैसे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, रास लीला एवं अन्य प्रेरणादायक कथाओं का वर्णन किया जाएगा। शुक्रवार से भागवत कथा की शुरुआत की गई। 18 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं कथा विश्राम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। आयोजक परिवार ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों और नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करें एवं पुण्य लाभ अर्जित करें।

## लाइव इवेंट

### आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने परंपरा सहेजने और शिक्षा पर जोर, नशामुक्ति का लिया संकल्प



**भिलाई।** ग्राम धनोरा स्थित आदिवासी गोंडवाना भवन में परिक्षेत्रीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ गोंड समाज के इष्ट देव बड़ादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात परिक्षेत्र के 28 गांवों से आए मातृशक्ति एवं पितृशक्ति ने दुर्गा माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, गौरी-गौरा चावरा होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली। पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में सजे नर्तक दलों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय गोंड महासभा के अध्यक्ष कमलेश सोरी, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, गोरेलाल ठाकुर, धनेश्वर ध्रुवे, सुशीला नेताम, रूलेश्वरी चंद्रखोकर बंजारे, संगीता वासुदेव सप्रे, जितेन्द्र टंडन एवं रामप्यारी सोरी सहित अनेक जन शामिल हुए। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की एकजुटता, परंपराओं के संरक्षण और युवा पीढ़ी की शिक्षा पर विशेष बल दिया। अधिवेशन में समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा गोंडी रीति-रिवाजों के अनुरूप सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिले के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वहीं रिसाली-मरौदा क्षेत्र के सांस्कृतिक प्रभाग द्वारा गोंडी गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। दुर्गाप्रसाद मंडावी के भक्ति गीतों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया।

## लाइव इवेंट

### आंखों की निशुल्क जांच कर रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** प्रदेश ओबीसी मोर्चा के निर्देश पर दुर्ग संभाग की प्रदेश सह प्रभारी तुलसी साहू के नेतृत्व में सेक्टर 2 गणेश पंडाल, सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर-2 में रक्तदान एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस शिविर में सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मोर पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को मुफ्त हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने अपनी आंखों का मुक्त जांच करवाया।

## 14 को संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की जयंती और पंजाबियों का बैसाखी, 15 को बंगाली, मलयाली का नया साल

# राशि परिवर्तन होते ही खरमास होगा समाप्त, मांगलिक कार्यों की शुरुआत 15 से, पोइला बैशाख, विशु और बैसाखी की रहेगी धूम

**14 अप्रैल को सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा, हिंदू धर्म में मांगलिक कार्यों पर लगा एक महीने का विराम अब समाप्त होने जा रहा है। जिससे विवाह, गृह प्रवेश और नूतन निर्माण जैसे शुभ कार्यों का मार्ग प्रशस्त होगा। आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि 15 मार्च से मीन राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ शुरू हुआ खरमास 14 अप्रैल को मेष संक्रांति के साथ संपन्न होगा। इसके बाद अप्रैल में विवाह के लिए केवल 9 दिन ही शुभमुहूर्त हैं।**



**भिलाई।** 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया होने से अबुझ मुहुर्त भी शुभ कार्यों के लिए मिलेगा। इस दिन कोई भी दिन या वार देखे और बिना पंचांग देखें विवाह आदि जैसे सभी मांगलिक कार्य कर सकते हैं। पंडित ने बताया कि जब सूर्य देव गुरु बृहस्पति की राशि मीन में प्रवेश करते हैं, तो वे अपनी शक्ति खो देते हैं, जिसे खरमास कहा जाता है। इस दौरान किए गए शुभ कार्यों का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर रहे हैं और गुरु का बल भी बढ़ गया है जिससे विवाह के बाद वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। पिछले महिने के 14 मार्च से खरमास शुरू होने के बाद से मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से विराम लग गया था। ऐसे में विवाह, मुंडन, उपनयन, कर्णवेदन आदि संस्कारों के मुहूत नहीं बन रहे थे। लेकिन, अब 14 अप्रैल की सुबह 11 बजकर 45 बजे सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास का समापन हो जाएगा। हालांकि, वैवाहिक मुहूर्त 20 अप्रैल से शुरू हो रहे है।

### 14 और 15 अप्रैल को रंग, परंपरा और संविधान निर्माता का दिन

14 और 15 अप्रैल का दिन इस बार शहर में खास रंगत लेकर आ रहा है। इस अवसर पर सभी समाज और समुदाय के लोग अलग-अलग परंपराओं सहित खुशियां, समृद्धि और समानता का संदेश देंगे। इस दिन बंगाली समाज का नववर्ष पोइला बैशाख जहां नई शुरुआत, नए सपनों और उत्साह का प्रतीक है, वहीं इस दिन पारंपरिक साज-सज्जा, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों से माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो जाता है। शुभो नबो वर्षो की गूंज के साथ लोग एक-दूसरे को नई उम्मीदों की शुभकामनाएं देते नजर आयेंगे। उधर मलयाली समाज का प्रमुख पर्व विशु भी इसी दिन मनाया जाएगा। सुबह-सुबह विशु कणी के दर्शन, पीले फूलों की सजावट और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा भर देती है। यह पर्व समृद्धि, शुभता और नए अवसरों का संदेश लेकर आयेगा और इन रंग-बिरंगे उत्सवों के बीच भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रैली सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।



### जून में अधिकमास 17 मई तक होंगे शुभ कार्य

ज्योतिषों ने बताया कि अप्रैल और मई माह में विवाह के लिए 8-8 शुभ मुहूर्त हैं। 17 मई से 15 जून तक अधिकमास होने के कारण मांगलिक कार्य पर विराम रहेगा। उसके बाद 19 जून से फिर से नैवाहिक मुहूर्त शुरू होगा। जून में नो और जुलाई माह में पांच शुभ मुहूर्त रहेंगे।

### दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद, बढ़ेगा कारोबार

व्यापारियों ने बताया कि खरमास के दौरान बाजारों में सुस्ती देखी जा रही थी, लेकिन अब दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। कपड़ा, गहना, बर्तन, फर्नीचर और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। 20 अप्रैल के बाद से विवाह सीजन जोर पकड़ लेगा, जिससे कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। वहीं टेंट, बैंड बाजा, कैटरर, हलवाई और खाना बनाने वाले कारीगरों को कारोबार शुरू होने की उम्मीद प्रबल है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण और पढ़ाई सुपोषण किट के साथ दी पहली पुस्तक

**भिलाई।** सामाजिक योगदान में अग्रणी संस्था गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन के तत्वावधान में खुर्सीपार ज़ोन-3, वार्ड 48 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण और पढ़ाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 11 आंगनबाड़ी केंद्रों से आए गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों के साथ अभिभावक उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हुए सुपोषण किट, प्रोटीन पाउडर, चरणपादुका चप्पल और पुस्तक प्रदान की गई। इस पहल के द्वारा बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ उनमें शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है।इस अवसर पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि पोषण और पढ़ाई कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के लिए पढ़ाई से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे प्रारंभिक अवस्था से ही सीखने की ओर प्रेरित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में सोमा चौरसिया, संजू कश्यप, अनीता मित्रा, पुष्पा छाबड़ा, माधुरी देवी, सुजाता वैद्य, संतोषी लहरे, सिमकी बेन, संजू कुमारी, कंचन एवं मंजू



दिवाकर उपस्थित रहीं। वहीं सहायिकाओं में नमिता साहू, पूजा कपूर, जगदम्बा तथा पुष्पा साहू की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही जीई फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख एवं अजीत सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## 43 बच्चों को साल भर के लिए स्टेशनरी का किया वितरण, खिल उठे चेहरे



**भिलाई।** छात्राओं की शिक्षा को समर्पित मातृशक्ति फाउंडेशन एवं भिलाई महिला समाज की स्मृति नगर इकाई ने आज कोसानगर स्थित ज्योतिबा फुळे स्कूल में 43 बच्चों को साल भर के लिए स्टेशनरी प्रदान किया। बच्चों को विषयवार कापियां, पेंसिल एवं कलरिंग की सामग्री प्रदान की गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। भिलाई महिला समाज अपने प्रारंभिक दिनों में बच्चों की अनौपचारिक शिक्षा से जुड़ा रहा है। समाज का महिलाओं के आर्थिक सामाजिक उत्थान में भी बड़ा योगदान रहा है तथा वे महिला सशक्तिकरण के अनेक प्रकल्पों का संचालन करता है। इसी तरह मातृशक्ति फाउंडेशन भी विगत तीन वर्षों से विभिन्न शासकीय तथा अनुदान प्राप्त स्कूलों में वंचित तबके की छात्राओं को शिक्षण सामग्री का सहयोग प्रदान करने के अलावा फीस का सहयोग करती आ रही है।

## भूगर्भशास्त्र विभाग के स्नातक विद्यार्थियों ने जल शोधन प्रक्रिया, हुए रोमांचित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग शहर की प्यास बुझाने वाली जलधारा के पीछे छिपी विज्ञान की दुनिया को करीब से समझाने के लिए भूगर्भशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने नगर निगम दुर्ग के जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान लगभग 50 से विद्यार्थियों ने शिवनाथ नदी से आने वाले पानी के शुद्धिकरण की पूरी प्रक्रिया को बेहद करीब से देखा और समझा कि कैसे एक साधारण दिखने वाला नदी का पानी, वैज्ञानिक तकनीकों से गुजरकर घर-घर तक शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचाया जाता है। उन्होंने संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कर शिवनाथ नदी के जल का शोधन कर दुर्ग के विभिन्न वार्डों में जल प्रदाय प्रणाली का अवलोकन किया।

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के बी.एससी अंतिम सेमेस्टर के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने साइंस कॉलेज के सामने स्थित 42 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने शिवनाथ नदी से आने वाले पानी के शुद्धिकरण की पूरी प्रक्रिया को बेहद करीब से देखा और समझा कि कैसे एक साधारण दिखने वाला नदी का पानी, वैज्ञानिक तकनीकों से गुजरकर घर-घर तक शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचता है।

# जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कर देखी पानी के हर एक बूंद की कहानी, वैज्ञानिक तकनीकों से गुजरकर घर-घर पहुंचा शिवनाथ का जल



### कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिए पानी की गुणवत्ता की जांच

भ्रमण के दौरान भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बताया गया कि शिवनाथ नदी से पानी को संयंत्र तक लाने के लिए 100 एचपी क्षमता वाले 6 शक्तिशाली पंप लगाए गए हैं। इसके बाद इस पानी की गुणवत्ता जैसे पीएच मान, गाढ़ापन और उसमें मौजूद ठोस कणों की मात्रा का कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिए परीक्षण किया जाता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर फिटकरी, ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन गैस का संतुलित उपयोग कर पानी को शुद्ध बनाया जाता है।

### किताबों में पढ़ा विज्ञान को अपनी आंखों से देख हुए रोमांचित

इस पूरे शैक्षणिक अनुभव को विद्यार्थियों की जिज्ञासा ने और भी खास बना दिया। उन्होंने अधिकारियों से सवाल पूछे, प्रक्रियाओं को समझा और हर चरण को ध्यान से देखा। संयंत्र में बैक वॉशिंग की प्रक्रिया को देखकर विद्यार्थी खासे रोमांचित नजर आए जैसे किताबों में पढ़ा विज्ञान उनकी आंखों के सामने जीवंत हो उठा हो।



इस दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि यह अनुभव केवल एक विज़िट नहीं, बल्कि वह एक अध्याय बन गया, जहां पढ़ाई सीधे जीवन से जुड़ी हुई दिखाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख और नगर निगम दुर्ग के सहायक अभियंता मांझी ने विद्यार्थियों को बताया कि यह भ्रमण केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन के उस महत्वपूर्ण पहलू यानी पानी को समझने का जरिया है जो हर दिन हमारे अस्तित्व से जुड़ा रहता है। अंत में छात्रा अर्पणा बाजपेयी ने इस अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस भ्रमण के दौरान समझ आया कि जब पढ़ाई जिंदगी से जुड़ती है, तभी ज्ञान का असली अर्थ सामने आता है।

सिटी इवेंट

## पेटेंट आधारित अनुसंधान व नवाचार अपनाने किया प्रेरित



दुर्ग। भारती विश्वविद्यालया दुर्ग द्वारा शुक्रवार को पेटेंट एनालिटिक्स और इनोवेशन इंटेलिजेंस विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों की बौद्धिक संपदा और नवाचार-आधारित अनुसंधान के क्षेत्र में शैक्षणिक व शोध संबंधी क्षमताओं का संवर्धन करना था।

- भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में पेटेंट एनालिटिक्स और इनोवेशन इंटेलिजेंस विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

फैकल्टी के रूप में विषय विशेषज्ञ डॉ. रमेश चंद्र पांडा और डॉ. जॉली मसीह उपस्थित थे। उन्होने पेटेंट एनालिटिक्स, नवाचार प्रवृत्तियों तथा उनके अनुसंधान और विकास में व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान पेटेंट विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों तथा वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक शोध वातावरण में इनोवेशन इंटेलिजेंस के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। संकाय सदस्यों को अपने शैक्षणिक कार्यों में पेटेंट-आधारित अनुसंधान और नवाचार पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. बीएन तिवारी ने कहा कि भारती विश्वविद्यालया भविष्य में भी अनुसंधान उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने ऐसे कार्यक्रम आयोजित की जाती है। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर डॉ. आलोक भट्ट, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. अजय सिंह, डॉ. जय शंकर तिवारी, डॉ. अज़हर खान और डॉ. नीतू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

समाज लाइव

## निशुल्क जांच कर रक्तदाताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित



भिलाई। प्रदेश ओबीसी मोर्चा के निर्देश पर दुर्ग संभाग की प्रदेश सह प्रभारी तुलसी साहू के नेतृत्व में सेक्टर 2 गणेश पंडाल, सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर-2 में रक्तदान एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस शिविर में सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मोर पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को मुफ्त हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने अपनी आंखों का मुक्त जांच करवाया। इस दौरान उपस्थित रहने वालों में प्रमुख रूप से बिजेंद्र सिंह, स्वीटी कौशिक, दिनेश सिंह, रोहित साहू, जे ललिता, नेहा साहू, निर्मल वर्मा, श्रीनिवास रायडू, सूर्यकांत पांडे, संतोष देवांगन, विनय सिंह, उपासना साहू, हरीश साहू, मनोज साव, विजय शुक्ला, दिनेश लोहिया, सुदेश मिश्रा, श्रीनिवास राव, गगन साहू, अनुपमा शुक्ला, सुगंधी सोनी, अबुजा देवी, महेंद्र प्रताप सिंह और ईश्वर चंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर गायक संजय ने बनाया म्यूजिक वीडियो

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया



लिमिटेड (सेल) में उच्च पदस्थ रहे प्रख्यात गायक संजय सिंह ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित म्यूजिक वीडियो बनाया है। इस एलबम का अनावरण उनके सुपुत्र एवं वर्तमान में सांसद नीरज शेखर ने किया। गीतकार सुनील गुप्ता व संजय सिंह है, वहीं संगीत निर्देशन भी संजय सिंह का है। गौरतलब है कि इस वर्ष स्व. चंद्रशेखर का जन्म शताब्दी समारोह 17 अप्रैल से शुरू हो रहा है। संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने स्व. चन्द्रशेखर के जीवन को बहुत ही निकटता से देखा है। उनसे अनन्य लगाव रहा है तथा कई बार मिलना भी हुआ है।

- चंद्रशेखर शताब्दी समारोह में देश भर में होगी स्क्रीनिंग, स्व. चंद्रशेखर के पुत्र ने किया अनावरण

उन्होंने बताया कि 1985 में जब जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन बलिया में हुआ और तब चंद्रशेखर जनता पार्टी के अध्यक्ष थे। उस समय उस अधिवेशन में उनके गायन के दो कार्यक्रम हुए थे। खचाखच भरे मैदान में स्टेज पर स्वयं चंद्रशेखर ने उनका एक गायक के रूप में दर्शकों से परिचय कराया था। संजय सिंह का कहना है कि स्व. चंद्रशेखर एक जन नेता थे तथा उनकी सभी पार्टियों और उनके नेताओं से निजी संबंध थे। उन्होंने बताया कि स्व. चंद्रशेखर जन्म शताब्दी समारोह देशभर में मनाया जाएगा और उनके म्यूजिक वीडियो की स्क्रीनिंग भी इन समारोहों में होगी। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह एक बहुआयामी प्रतिभा के धनी भारतीय गायक, संगीतकार और रचनाकार हैं। उन्होंने अब तक भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों में 200 से अधिक लाइव स्टेज प्रस्तुति दी हैं।

● केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पुस्तक उपहार कार्यक्रम बना सामाजिक चेतना का आधार

# महंगी शिक्षा के दौर में किताबों की केयरिंग एंड शेयरिंग 5235 किताबें पालकों का कम कर रही आर्थिक बोझ

दुर्ग। बढ़ती महंगाई और शिक्षा के खर्च के बीच केंद्रीय विद्यालय दुर्ग ने एक ऐसी पहल की है, जो न केवल अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम कर रही है, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना भी विकसित कर रही है। पुस्तक उपहार कार्यक्रम के तहत 5235 पुस्तकों का आदान-प्रदान कर विद्यालय ने केयरिंग एंड शेयरिंग की अनूठी मिसाल पेश की है। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत कक्षा पांचवीं से छठवीं में जाने वाले विद्यार्थियों को वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी पुस्तकें उपहार स्वरूप दीं। इस प्रक्रिया ने छात्रों के बीच सहयोग, समन्वय और साझेदारी की भावना को नई मजबूती दी है।







**पुस्तकें ज्ञान और संस्कृति की धरोहर :** प्रभारी प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने बताया कि इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को हर साल नई किताबें खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। आपसी सहयोग से ही उनकी पढ़ाई की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। वहीं, अभिभावक विजयलक्ष्मी नायडू ने इसे सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि पुस्तकें केवल अध्ययन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति की धरोहर हैं, जिन्हें सहेजना आवश्यक है।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्थक पहल :** कार्यक्रम के संयोजन में पुस्तकालय अध्यक्ष संजू कुमारी ने पुस्तकों के संग्रहण और वितरण को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया। डॉ. अजय आर्य के अनुसार यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकार की भावना भी विकसित करती है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि एक कक्षा के 40 विद्यार्थी एक-एक पुस्तक खरीदकर आपस में साझा करें, तो प्रत्येक विद्यार्थी अनेक पुस्तकों का अध्ययन कर सकता है। इससे ज्ञान के विस्तार के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना भी सुदृढ़ होती है।

### ऐसे बना सफल मॉडल, जानिए

शिक्षक पुरुषोत्तम साहू के अनुसार परीक्षा समाप्ति के बाद ही विद्यार्थियों और अभिभावकों को इस कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया गया। कई छात्रों ने सीधे अपने सीनियर से पुस्तकें प्राप्त कीं, जबकि रिजल्ट के दौरान अभिभावकों ने अपनी ओर से किताबें लाइब्रेरी में दान कीं। इस तरह करीब 1000 छात्र इस पहल से सीधे जुड़े, जबकि कई ने विद्यालय के बाहर भी पुस्तकें दान कीं।यह पहल सिर्फ किताबों के लेन-देन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने बच्चों को यह सिखाया कि संसाधनों का साझा उपयोग ही असली समृद्धि है। एक किताब -कई हाथों में ज्ञान का यह मॉडल आज के दौर में शिक्षा को मानवीय और सुलभ बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम बनकर उभरा है।

### बच्चों को नियमित अखबार पढ़ने के लिए किया प्रेरित

इस दौरान अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने तथा पुस्तकालयों का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। जिससे उनमें पठन-पाठन की आदत और ज्ञानार्जन की प्रवृत्ति और सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक पुरुषोत्तम साहू, राहत तस्लीम, टी एल. साहू, सतीश धीवर, आशुतोष सिंह, डॉ. श्रावणी सिंह, गीता माली, रेशु काकरान, अमित राजपूत, डीके यादव, नीता दास, नरेश सिंगरौल, वंदनी सिंह, एम के बोरकर, सतविंदर कौर, रचना पॉल, टकेश्वर साहू, आर वी एस गायत्री, संजू कुमारी, गुरुप्रसाद पाण्डेय, सहित कक्षा शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।

साइंस कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

## व्यक्ति की कार्यक्षमता के उच्चतम शिखर पर पहुंचने का माध्यम है योग : डॉ. क्रिष्टोफर स्टेक



दुर्ग। व्यक्ति की कार्यक्षमता के उच्चतम शिखर पर पहुंचने का माध्यम है योग। इसमें तीन अवयवों-सूर्य नमस्कार, भोजन और अष्टांग क्रिया की बड़ी भूमिका है। ये बातें दुर्ग साईंस कालेज में आयोजित सेमीनार में जॉन डगोज विश्वविद्यालय, पोलैंड के प्रोफेसर डॉ. क्रिष्टोफर स्टेक ने अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास में पोस्चर आसन, श्वासों पर नियंत्रण, गहरीअनुभूति, ध्यानऔरभोजन सब परसमुचित ध्यान देना अनिवार्य है। प्रोफेसरस्टेक ने योग की सुदीर्घ भारतीय परंपरा को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए महर्षि रमण, जे. कृष्णमूर्ति सरीखे योग गुरूओं से भारत और पोलैंड में हुये अपनी भेंट को अविस्मरणीय कहा। योग के क्षेत्र में अभ्यासों के कारण डॉ. स्टेक का नाम 4 बार गिनीज ऑफ बुक रिकार्ड में भी दर्ज हो चुका है। उन्होंने सूर्य नमस्कार के महत्वों का वैज्ञानिक विश्लेषण भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत महर्षि पतंजलि के योग को बहुत महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि इस वैज्ञानिक परंपरा का महत्व इस बात में देखा जा सकता है, कि आज पूरी दुनिया में योग सारे विद्वानों एवं मनीषियों द्वारा अभ्यास में लाया जा रहा है। उन्होंने भगवत गीता में योग के स्वरूप को उध्दरित किया- योग स्वयं की यात्रा है, स्वयं के माध्यम से, स्वयं तक अर्थात यह अपने मन को नियंत्रित करके अपनी असलीपहचान(आत्मा)कोजानने की प्रक्रियाहै।कला क्लब की संयोजक डॉ. मर्सी जॉर्ज ने रोचक व्याख्यान की उपादेयता पर प्रकाश डाला। डॉ. स्टेक ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। आर्ट्स क्लब, स्पोर्ट्स एवं योग विभाग तथा विद्यार्थियों की पीपुल स्पीकिंग सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सेमीनार में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, विभागाध्यक्ष एवं इग्नू के समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनिल मिश्रा आदि मौजूद थे।

जेसीआई का आयोजन

## 12 और 13 अप्रैल को ठगड़ा बांध में सजेगा समर कॉर्निवल



भिलाई। जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा शहरवासियों के लिए जेसीआई समर कार्निवल माई सिटी, माय कार्निवाल का आयोजन 12 और 13 अप्रैल को थगड़ा बांध दुर्ग में किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 5 बजे से शुरू होने वाले इस दो दिवसीय कार्निवाल में मनोरंजन, खरीदारी और लजीज व्यंजनों का शानदार संगम देखने को मिलेगा। अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार ने बताया कि यह आयोजन शहर के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा, जहां परिवार और मित्रों के साथ एक ही स्थान पर विविध गतिविधियों का आनंद लिया जा सकेगा। इवेंट चेयरमैन जेसी गौतम श्वेता देशलहरा ने बताया कि कार्निवाल में नाइट फ्ली मार्केट, किड्स प्ले एरिया और प्रीमियम फूड पार्क जैसी आकर्षक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही फायरवर्क्स शो और 360 डिग्री लाइट शो इस आयोजन के मुख्य आकर्षण रहेंगे, जो पूरे माहौल को उत्सव में बदल देंगे। आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें आईपीपी आलोक रचना अग्रवाल एवं सचिव तोरण स्वाति अटल, मेंटोर के रूप में प्रशांत प्रतीक्षा गोलछा, मोनिश अंबालिका अग्रवाल और योगेश पद्मा राठी, प्रोजेक्ट कोच अमित शिखा बराड़िया, प्रोजेक्ट इंचार्ज हिमांशु कल्पना देवांगन और कोऑर्डिनेटर्स की टीम व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है। जेसीआई दुर्ग-भिलाई का यह कार्निवल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी देगा।

क्षेत्रीय साहू समाज इकाई का वार्षिक पारिवारिक मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह

# पारिवारिक मिलन में झलकी संस्कृति, साहू समाज ने दिखाई एकजुटता, प्रतिभावानों का किया गया सम्मान

कार्नर न्यूज

भिलाई। सेक्टर-5 स्थित कर्मा वाटिका में क्षेत्रीय साहू समाज इकाई द्वारा वार्षिक पारिवारिक मिलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रमुख अतिथि सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कर्मा वाटिका पहुंची। इसके बाद खेलकूद प्रतियोगिताएं, महिलाओं द्वारा गुलदस्ता सजाओ और चावल-आटे से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान खींचा। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया।





### समाज की एकता और जिम्मेदारी पर दिया गया जोर

मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने समाज की एकता और जिम्मेदारी पर जोर देते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया। इस दौरान दानवीर रामकुमार साहू सहित सेवानिवृत्त सदस्यों और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की ओर से विकास कार्यों को लेकर भी आश्वासन मिला। कर्मा वाटिका में डोम शेड निर्माण और मां कर्मा श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल की बात कही गई। सभा अध्यक्ष खेदराम साहू ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन आरती साहू और ध्रुव कुमार साहू ने किया, जबकि बलराम साहू ने आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों और समाजजनों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। आयोजन की सफलता में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में इकाई अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष मनहरण साहू, सचिव ध्रुव कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बलराम कलिहारी, संगठन सचिव रोहित साहू, इकाई की संयोजिका मीरा साहू, उपाध्यक्ष आरती साहू, संगठन सचिव ज्योति साहू आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पैराकेनो वर्ल्ड कप 2026 जर्मनी चयन में हिस्सा लिया छत्तीसगढ़ टीम ने




**रायपुर।** पैराकेनो वर्ल्ड कप 2026 जर्मनी चयन प्रतियोगिता 7 और 8 अप्रैल को लोअर लेक भोपाल में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के पैराकेनो खिलाड़ियों ने पहली बार भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। उक्त चयन प्रतियोगिता में 7 पुरुष दिव्यांग खिलाड़ी एवं 1 महिला दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हुए। इन खिलाड़ियों में चंद्रपाल, होरीलाल, लकी, सोनी, कुलदीप, महेश्वर, पिंटू साहू, चंचल पटेल, पिंकी साहू कोच और प्रवेश सोनवानी मैनेजर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग 10 माह पूर्व एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग खिलाड़ी के लिए बोट और पेडल खरीदे गए थे और उसके बाद से दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिदिन बूढ़ा तालाब पर प्रैक्टिस कर रहे थे। उन्ही में से ये खिलाड़ी उक्त चैंपियनशिप में भाग लेने गए थे। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी चेयरमैन पैरा कैनो एवं सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ एवं डॉ नवीन बाफना और राकेश ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### सीएससीएस अंतिम दौर का मुकाबला आज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम साउथ जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में नॉर्थ जोन ने तीन विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन टीम पहली पारी में 236 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन पहली पारी 145 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में साउथ जोन दूसरी पारी 214 रन पर आउट हुई। अनुराग साहू ने 70 रन और बालाजी राव ने 61 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के भावेश साहू ने पांच विकेट और विकल्प तिवारी ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी में 7 विकेट पर 311 रन, शाश्वत शारडा ने 99 रन जितेंद्र साहू ने 70 रन, साहेर तमसील ने 50 रन और विकल्प तिवारी ने नॉट आउट 45 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन के अरिन द्विवेदी ने तीन विकेट एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने दो विकेट लिए। इसी तरह बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट जोन पहली पारी 351 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम अपने कल के स्कोर 7 विकेट पर 173 रन से खेलते हुए 214 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने दूसरी पारी चार विकेट पर 215 रन बनाए। जिसमें अंबरीश कुमार सिंह ने नॉट आउट 64 रन, गर्व कुमार सिंह ने 56 रन और आशीष डहरिया ने 36 रन बनाएं। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के भविष्य थपियाल ने तीन विकेट और रोहित यादव ने एक विकेट लिए। इस मैच के चौथा एवं अंतिम दिन शनिवार 11 अप्रैल को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले होंगे। सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार विश्राम का दिन रहा।

### ओपन रैपिड शतरंज में वेदांत विजेता




**दुर्ग।** द्वितीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं दुर्ग जिला संघ के सहयोग से हुआ। स्पर्धा की शुरुआत जिला संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने करते हुए अपने वक्तव्य से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से 115 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें 35,000 से अधिक की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफियां वितरित की गईं, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ी रहे- प्रथम वेदांत जायसवाल बिलासपुर , द्वितीय यश सिंह रायपुर, तृतीय ईशान सैनी दुर्ग से। विभिन्न आयु वर्ग में शानवी झा, मेधांश शोरी, तुषार यादव, भावेश महेश्वरी, माघी सिंह, सर्वेश लिल्हरे, चेतस मंडले, प्रांजल सिंह, परिधि लिल्हरे, गुणवंत साहू, युवराज साहू, भव्य टाटिया, चारवी मंडले, निशिता देवांगन, आलिया सी एम, सार्थक वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## डॉक्टर से जानें लू लगने के लक्षण, बचाव के घरेलू उपाय और जरूरी सावधानियां

# तेज गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक से बचने बरतें सावधानी इस मौसम में जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। अप्रैल की शुरुआती दहाई में ही पारा 40 के पास पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए एक्सपर्ट से समझते हैं।

इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी के मारे बुरा हाल हो चुका है और पारा भी कई जगह 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं। तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है। तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते हैं, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। इस बारे में डॉ. रंगा संतोष कुमार कंसल्टेंट जनरल फिजिशियन जानकारी दे रहे हैं।



### हीट स्ट्रोक के क्या लक्षण होते है?



गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्परेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है। इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें?

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइट्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आप कोई फिजिकल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स जरूर लें। हवादार, हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े पहनें। इनसे शरीर ठंडा रहता है। वहीं, टाइट और गहरे रंग के कपड़े हीट को सोखते हैं और शरीर को गर्म रख सकते हैं।

धूप में अधिक समय न बिताएं। दिन में आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न करें। फिजिकल एक्टिविटी सुबह या शाम के वक्त करें। बाहर निकलते वक्त खुद को यूवी रेज से प्रोटेक्ट करने के लिए, टोपी और चश्मे पहनें। सनस्क्रीन भी जरूर लगाएं। दिन में 10 बजे से 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। इस समय पर गर्मी अधिक होती है। जब आप बाहर जाएं, तो पेड़ों या छाते की छाया में ही



रहें और सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। बाहर काम या एक्सरसाइज करते वक्त खुद को एकसाथ ज्यादा न थकाएं और थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक जरूर लें। बच्चे, बड़े-बुजुर्गों और जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है, उनका ज्यादा ख्याल रखें क्योंकि उन्हें गर्मी से जुड़ी बीमारियां जल्दी घेर सकती हैं। बच्चों को फॉर्मूला मिल्क या ब्रेस्ट मिल्क से हाइड्रेट रखें और उन्हें हल्के कपड़े पहनाएं।

डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक का मुख्य कारण है। ऐसे में दिन भर खूब सारा पानी पिएं। आप जूस, हेल्दी ड्रिंक्स को भी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। अगर आप कोई डाइयूरेटिक या एलर्जी के लिए कोई दवाई ले रही हैं, तो डॉक्टर से जरूर बात करें क्योंकि ये दवाईयां आपकी गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील बना देती हैं।

तुलसी के बीजों या बेसिल सीड्स में कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। इन्हें पानी में भिगोएं और खाएं। ये गर्मी से होने वाली दिक्कतों को भी कम करते हैं। पुदीने की पत्तियों को पानी में उबालें और ठंडा होने दें।



## राष्ट्रीय कुश्ती महासंग्राम के पहले दिन हरियाणा चैंपियन

**भिलाई।** भिलाई निवास के सामने साइकिल पोलो मैदान में शुक्रवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता में पहला दिन बेटियों के नाम रहा। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में शुभारंभ पर सुबह आराध्य हनुमान चालीसा व हनुमान अभिषेक के मंत्रो का उच्चारण सुप्रसिद्ध कथावाचक कान्हा महाराज के श्रीकंठ से हुआ।

इसके उपरांत सांसद विजय बघेल के साथ भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विधिवत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर रमापति राम त्रिपाठी भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यू.पी., संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष, जय प्रकाश, ओलम्पियन नरसिंह पंचम यादव और एस पी देसवाल भी उपस्थित थे। इसके उपरांत कुश्ती का महासंग्राम शुरू हुआ। जिसका इंतजार जिले के सभी कुश्ती प्रेमी कर रहे थे। पहला दिन बालिका वर्ग के पहलवानो के नाम रहा, जिसमें 28 राज्यों से आयी बालिकाएं इस महासंग्राम में अपने आप को पहलवानी में कुशल साबित करने पूरे दमखम के साथ उतरी। बालिकाओं ने कुश्ती में अपने दाव-



पेंच बखूबी दिखाए। बालिकाओं की अपने खेल के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं क्षमता को देख सांसद विजय बघेल ने सभी बालिकाओं को छत्तीसगढ़ की वीरांगना अवन्ति बाई की उपाधि दी।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति की ओर से निशु पाण्डेय ने बताया कि हरियाणा की टीम ने दंगल कुश्ती में बेहतरीन दांव-पेंच, मजबूत पकड़ और शानदार तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 230 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। उनके पहलवानों ने हर मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वियों को चित कर बढ़त बनाए रखी। महाराष्ट्र की टीम भी जोरदार मुकाबले में उतरी और अपने दांव, पलटवार (काउंटर अटैक) तथा संतुलित रक्षा के दम पर 141 अंक जुटाकर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर प्रदेश के पहलवानों ने ताकत और तकनीक का अच्छा मेल दिखाते हुए 125 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम ने भी अपने अखाड़े में जुझारूपन की भावना के साथ मुकाबला किया, हालांकि उन्हें कड़े दांवपेंचों और अनुभवी पहलवानों के सामने संघर्ष करना पड़ा। टीम को कुल 22 अंक मिले और वह 14वें स्थान पर रही। छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने 57 किलोग्राम, 65 किलोग्राम और 72 किलोग्राम भार वर्ग में अपने दांव आजमाए। जहां उन्होंने पकड़, दांव, बचाव और पलटवार की तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में दूसरे दिन 11 अप्रैल को बालक वर्ग अंडर 20 की कुश्ती होगी। उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत प्रमोद सिंह, जी सुरेश बाबे, गोपाल वर्मा, डॉ रमेश श्रीवास्तव, भागचंद जैन, विश्वरतन सिन्हा, सुधीर बंसल, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, गोपाल बिष्ट, सुभाष साव, रजनीकांत अग्रवाल, भूषण अग्रवाल,श्रीकांत ताम्रकार और निशु पाण्डेय जैसे गणमान्य लोगों ने किया। सांसद विजय बघेल समेत आयोजन समिति के भूपेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, देवेंद्र (दिलबर) ,जगन्नाथ पहलवान, प्रशांत राय, लक्ष्मण पहलवान और बिरेन्दर यादव पहलवान जैसे दिग्गज पहलवानो ने कुश्ती प्रेमियों भिलाई में प्रथम बार हो रहे राष्ट्रीय कुश्ती महासंग्राम का साक्षी बनने नगरवासियों को आमंत्रित किया हैं।



## नेशनल साइकिल पोलो में छत्तीसगढ़ की बेटियों का खिताबी संघर्ष जारी

**भिलाई।** कोलकाता क्रिकेट एवं फुटबॉल (सीसीएफसी) क्लब की ओर से अखिल भारतीय साइकिल पोलो फ्लड लाइट आमंत्रण कप 2025-26 में गत वर्ष की विजेता छत्तीसगढ़ महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। प्रतियोगिता का आयोजन बंगाल साइकिल पोलो एसोसिएशन एवं सीसीएफसी क्लब द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में किया जा रहा है, जिसमें देश की शीर्ष पुरुष और महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह तथा दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में भारतीय वायु सेना, प्रादेशिक सेना, भारतीय थल सेना, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और मेजबान पश्चिम बंगाल की टीमें भाग ले रही हैं। वहीं महिला वर्ग में छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केरल को एकतरफा मुकाबले में 10-2 के बड़े अंतर से पराजित किया। इसके बाद दिन के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ ने मेजबान पश्चिम बंगाल को 14-3 के बड़े स्कोर से हराया। इस मैच में रागनी निर्मलकर ने 5 गोल, पूनम देवी ने 4 गोल, खुशबू साहू ने 2 गोल और लक्ष्मी निर्मलकर ने 3 गोल कर टीम को शानदार जीत दिलाई। दूसरे दिन महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मुकाबले में भी छत्तीसगढ़ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9-3 से जीत दर्ज की। इस मैच में पूनम देवी ने 5 गोल, लक्ष्मी



निर्मलकर ने 2 गोल और रागनी निर्मलकर ने 2 गोल किए।वहीं पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का मुकाबला भारतीय वायु सेना से हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ टीम 10-1 से पराजित हुई। दूसरे दिन भारतीय थल सेना के खिलाफ खेले गए मैच में भी छत्तीसगढ़ टीम को 11-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में शैलेन्द्र और विकास कुमार ने 2-2 गोल, जबकि रोहन तांडी और करण साह ने 1-1 गोल किए। छत्तीसगढ़ पुरुष टीम में देवप्रकाश वर्मा, शैलेन्द्र, विकास कुमार, रोहन तांडी, करण साह और शुभम यादव शामिल हैं, जबकि कोच शशांक देशमुख हैं। महिला टीम में लक्ष्मी निर्मलकर, पूनम देवी, रागनी निर्मलकर, खुशबू साहू, चंचल कश्यप और सुमन साहू शामिल हैं तथा टीम मैनेजर वर्षा देवी हैं। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, महासंघ के कोषाध्यक्ष तोषेंद्र वर्मा, दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के सचिव शशांक देशमुख तथा उपाध्यक्ष ई.वी. सुनील ने छत्तीसगढ़ टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## गर्मियो में चुकंदर को ऐसे करें डाइट में शामिल



गर्मियों में सेहतमंद रहना बेहद जरूरी हो जाता है। आप चुकंदर यानि बीटरूट को डाइट का हिस्सा बनाकर हाइड्रेशन के साथ ऊर्जावान रह सकते हैं। इससे शरीर को ताकत मिलती है। आप इन तीन तीरों से बीटरूट को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

चुकंदर की तासीर ठंडी होती है और इसमें हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, तो इसे सलाद के रूप में डाइट में शामिल करें। आप खीरा टमाटर के साथ चुकंदर को भी स्लाइस में काट लें। उसपर नींबू का रस,काला नमक डाल कर खाएं। यह न स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि पाचन तंत्र को भी फायदा पहुंचाएगा।

### चुकंदर रायता

आप चुकंदर का रायता भी खा सकते हैं। चुकंदर और दही एक बेहतरीन संयोजन है। इसके लिए आप चुकंदर को कद्दूकस कर लें। इसमें दही मिलाएं। अब राई, हींग, करी पत्ते और सरसों के तेल में तड़का लगाकर चुकंदर वाले मिश्रण में डाल दें। इससे पेट को ठंडक भी मिलती है और हाजमा भी ठीक रहता है। इसे खाने से शरीर को ताकत भी मिलेगी, क्योंकि चुकंदर आयरन का बेहतरीन स्रोत है,जिससे खून बढ़ाने में मदद मिलती है।

### चुकंदर कंजी

आप चुकंदर की कंजी भी पी सकते हैं। यह गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने और ताजगी देने के लिए बेहतरीन विकल्प है। इससे स्किन को भी फायदा होता है। इसके लिए आप चुकंदर को पतले पतले आकार में काट लें। इसे एक कांच के बरतन में डाल दें।

कार्नर न्यूज

## 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ बरेली में

# सीनियर नेशनल हैंडबॉल में छत्तीसगढ़ को कांस्य, कड़े संघर्ष में हिमाचल को हराया

**भिलाई।** उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूचर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, बरेली (उ.प्र.) में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय महिला हैंडबाल टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल ई में गुजरात एवं उत्तराखंड के साथ रखा गया था। पूल मैचेस में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मुकाबले में उत्तराखंड को 17-02 गोलों से पराजित किया तथा छत्तीसगढ़ ने अपने दूसरे मैच में गुजरात को 26-16 गोलों से पराजित कर प्री-क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टरफईनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला बिहार के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 गोलों से पराजित कर क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला पंजाब के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 28-23 गोलों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश के साथ




खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम हिमाचल प्रदेश से 18-32 गोलों से पराजित होकर कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा।

छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया किया। हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को फाइनल में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा किया। इस तरह प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक - हिमाचल प्रदेश, रजत पदक - उत्तर प्रदेश एवं कांस्य पदक - छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली को प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ टीम में अनिता (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), काजल (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), गौरव (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), प्रीति (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), मीनू (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), काजल (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), सुरक्षा (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), पंकज सांगवान (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), निक्की (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर), भाविका रामटेके (दुर्ग जिला), सोनिका (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), अनिका (सी.आई.एस.एफ., भिलाई), हेमपुष्पा (रायपुर जिला), रेणुका यादव (दुर्ग जिला), कनक जोगी (राजनांदगांव जिला), कनक माली (कबीरधाम जिला), दिशा बोस (दुर्ग जिला), सीमा साहू (महासमुन्द जिला), प्रशिक्षक जूनियट विनय (द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर) एवं 20. टीम के प्रबंधक विजय बहादुर (बी.एस.पी., भिलाई) थे।

छत्तीसगढ़ सीनियर महिला हैंडबॉल टीम के कांस्य पदक प्राप्त करने पर संस्था के चेयरमेन विनोद चंद्राकर एवं संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु मिश्रा, उपाध्यक्ष इमरान अली, डी.एस. क्रिस्टोफर, आशीष यादव, बी.एस.पी. हैंडबाल क्लब के अध्यक्ष बी.डी. बाबू (महाप्रबंधक प्रभारी, प्लांट गैरेज) एवं सचिव अब्दुल रहीम, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के फाउण्डर मेंबर बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के महासचिव समीर खान, सहसचिव जितेन्द्र तिवारी, एस. प्रभाष, कोषाध्यक्ष विजय बहादुर सहित छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण तथा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं अपनी हार्दिक शुभकामनाये प्रदान की है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए पियरे, जल्द आ रही 'मैन ऑफ टुमारो'



आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। इसी बीच आरोन सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में नजर आएंगे। जिसकी पुष्टि खुद आरोन ने की है।
आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं।
इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। 'मैन ऑफ टुमारो' 2025 की 'सुपरमैन' फिल्म की बड़ी कामयाबी के बाद आ रही है। एएनआई के अनुसार, कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा। ब्रेनियाक का किरदार जर्मन एक्टर लार्स एडिंगर निभाएंगे। पिछली फिल्म के कई कलाकार भी अपने रोल दोहरा सकते हैं। इनमें रैचेल ब्रोसनाहन, स्काइलर गिसोंडो और सारा सैंपाइयो शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' आएगी अब नई तारीख पर



मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार ममूटी और मोहनलाल एक साथ एक एक्शन जासूसी फिल्म 'पैट्रियट' में नजर आएंगे। इस फिल्म की नई रिलीज डेट जारी कर दी गई है। ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' पहले 23 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया था, जिससे फैंस काफी निराश हो गए थे। अब फिल्ममेकर्स ने आधिकारिक तौर पर नई डेट की घोषणा कर दी है।
ममूटी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यह खबर शेयर की है। उन्होंने लिखा फिल्म 'पैट्रियट' 1 मई 2026 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस ममूटी और मोहनलाल की एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले जब 'पैट्रियट' की रिलीज डेट टाली गई थी, तब फिल्म टीम ने बयान जारी करके बताया था कि वह फिल्म को बेहतरीन क्वालिटी के साथ दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। कुछ अनियोजित परिस्थितियों के कारण रिलीज को कुछ दिनों के लिए टालना पड़ा था। पिछले साल 2 अक्तूबर को रिलीज हो चुका है। टीजर में एक रहस्यमयी आवाज में बात की गई है कि कुछ नेता आस्था के नाम पर लोगों को नियंत्रित करते हैं। टीजर में ममूटी गुप्त मिशन पर दिखते हैं, मोहनलाल सैनिक की भूमिका में हैं और फहद फासिल की एंट्री कहानी में और तनाव बढ़ा देती है। फिल्म सत्ता के संघर्ष और गहरे टकरावों पर आधारित लगती है। 'पैट्रियट' को माहेश नारायणन ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में ममूटी और मोहनलाल के अलावा फहद फासिल, नयनतारा, रजनीव मेनन, रेवती और कई बाकी कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म की रिलीज का इंतजार अब फैंस को 1 मई 2026 तक करना पड़ेगा।

### भोजपुरी

## खुशी का गाना 'जानू एही लगन में' रिलीज होते ही छाया, शिवानी की अदाओं पर फिदा फैंस



खुशी कक्कड़ का नया भोजपुरी गाना 'जानू एही लगन में' आया है, जो चर्चा में है और यूट्यूब पर भी छाया हुआ है। 'जानू एही लगन में' में शिवानी सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी खूबसूरत अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस गाने में अलग ही रंग भर रही हैं। यूजर्स खूब प्यार लुटा रहे हैं।
भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुकीं खुशी कक्कड़ एक बार फिर अपने नए गाने 'जानू एही लगन में' के साथ दर्शकों के बीच धमाकेदार अंदाज में लौट आई हैं। यह गाना रिलीज के साथ ही तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया से लेकर यूट्यूब तक दर्शकों के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। गाने की धुन, बोल और प्रेजेंटेशन प्रस्तुति ने फैंस को पहली ही बार में अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। 'जानू एही लगन में' में शिवानी सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी खूबसूरत अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस गाने में अलग ही रंग भर रही हैं। वीडियो में उनकी परफॉर्मेंस न केवल गाने के मूड के साथ पूरी तरह फिट बैठती है, बल्कि दर्शकों को भी बांधे रखने में कामयाब रही है। गाने की विजुअल क्वालिटी, लोकेशन और डांस मूव्स इसे और ज्यादा आकर्षक बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के तुरंत बाद यह गाना दर्शकों की पसंदीदा प्लेलिस्ट में जगह बनाता दिख रहा है।
'जानू एही लगन में' गाने को लेकर खुशी कक्कड़ ने कहा, ''जानू एही लगन में' मेरे दिल के बेहद करीब है। इस गाने में इमोशन, मेलोडी और मनोरंजन, तीनों का खूबसूरत मेल है। मुझे पूरा भरोसा था कि दर्शकों को यह गाना जरूर पसंद आएगा। एसआरके म्यूजिक हमेशा साफ-सुथरे और अच्छे कंटेंट के लिए जाना जाता है।

## परदेस में देसी रंग

लाइफ स्टाइल




यह इंटरनेशनल फ़ैशन सीज़न की शुरुआत है। न्यूयार्क फैशन वीक के हाल ही में खत्म होने के साथ ही अब भारतीय परिवेश के फैशन की चर्चा शुरू हो गई है। भारतीयता से जुड़े कई आइकॉनिक और ट्रेंडसेटिंग स्टाइल रनवे पर छाए हुए हैं। माना जा रहा है कि इन प्रयासों के चलते भारतीय डिज़ाइनर भारत और दुनिया के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक संवाद स्थापित करने में कामयाब रहे।

## हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए ऐसे लिपस्टिक शेड

कुछ लिपस्टिक शेड्स ऐसे होते हैं जिनका फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इनको आप कभी भी और किसी भी मौके पर लगा सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही लिपस्टिक शेड्स दिखाने जा रहे हैं, जो कि हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए।
मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। वहीं मेकअप करते हुए हमें सभी चीजों की ओर ध्यान देना होता है। तब जाकर हम खुद को सुंदर बना पाते हैं। एक महिला मेकअप करने के बाद अलग ही लुक में नजर आती है। ऐसे में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनको यदि आपने मेकअप के दौरान नहीं लगाया तो आपका फेस काफी फीका लगने लगता है। ऐसी ही एक चीज का नाम आज हम बताने जा रहे हैं।
मेकअप में लिपस्टिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना हमारा लुक कंप्लीट नहीं होता है। आप चाहे कितना भी मेकअप क्यों न कर लें जब तक आप एक बढ़िया सा लिपस्टिक शेड नहीं लगाती हैं तो फेस बहुत डल लगता है। फिर चाहे ऑफिस हो या पार्टी एक अच्छा लिपस्टिक शेड हमारे सुंदरता में चार-चांद लगा देता है। मार्केट में वैसे तो आज कई लिपस्टिक शेड्स आ रहे हैं, लेकिन कुछ शेड्स ऐसे होते हैं, जो कि एवरग्रीन होते हैं।

### ब्राउन लिपस्टिक शेड

ब्राउन एक ऐसा कलर हैं जिसको हर उम्र की महिला पसंद करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। जिनको आप अपनों चॉइस के हिसाब से ले सकती हैं। ऐसे में ब्राउन लिपस्टिक शेड आप ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकती हैं। ब्राउन शेड शेड यंग गर्ल्स की पहली पसंद होता है। ऐसे में



ब्राउन कलर अपनी किट में आप जरूर रखें।

### वाइन लिपस्टिक शेड

आजकल वाइन लिपस्टिक शेड काफी ट्रेंड में है। ऐसे में यदि आपकी स्किन टन ब्राइट है तो वाइन कलर का लिपस्टिक शेड जरूर ट्राई करें। नाइट और डे दोनों फंक्शन में यह आपको अट्रैक्टिव लुक देता है। यदि आपको यह शेड ज्यादा डार्क लगता है तो इसमें कोई लाइट कलर का शेड मिक्स करके इसे थोड़ा लाइट कर सकती हैं।

## सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी टच तो स्टाइल करें डिजाइनर कुर्तियां



कुर्ती कई सारे खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और कुर्ती में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आता है। वहीं अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।



कुर्ती सिंपल लुक पाने के लिए बेस्ट आप्शन है और ऐसा इसलिए क्योंकि जहां महिलाएं रॉयल लुक पाने के लिए सूट या साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो, वहीं कुर्ती आप डेली वियर साथ ही ऑफिस या किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी लेकिन, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप ये 5 तरह की डिजाइनर कुर्तियांस्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती काफी ट्रेंड में है साथ ही, सिंपले आर सुदंर लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।




सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह की चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती पफ और हाफ स्लीव्स में आती है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की कुर्ती आप ऑफिस जाने के दौरान स्टाइल कर सकती है और इसे आप 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप फ्लोरल प्रिंट कुछ पहनने का सोच रही हैं। तो, आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती में आप ऑफिस या कहीं घूमने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह की कुर्ती आपको 600 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस फ्लोरल प्रिंट के साथ आप सिल्वर झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## आसान स्टेप्स में घर पर करें गुलाब फेशियल, मिलेगी ग्लोइंग स्किन

टीवी और अखबार में रोज ही किसी नई क्रीम, फेस पैक और दूसरे ब्यूरटी प्रोडक्ट्स का विज्ञापन देखते हैं। इन्हें देखकर हमारे मन में भी बेदाग दमकती हुई त्वचा पाने का लालच आता है। मगर क्या वाकई बाजार में मिलने वाले केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स इतने प्रभावी होते हैं कि उन्हें लगाते ही चेहरे में ग्लो आ जाता है? नहीं यह केवल एक मिथ है। इनमें से कुछ अगर ऐसा होते भी हैं, जिन्हें लगाने के बाद चेहरे पर ग्लो आता है तो वो केमिकल बेस्ड ही होते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा में क्षणिक चमक तो आ जाती है, मगर इसके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते हैं। ऐसे में आपको अगर चेहरे पर नेचुरल ग्लोच चाहिए तो आप गुलाब के फूल से कुछ आसान स्ट्प्स में फेशियल कर सकती हैं।
फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेच है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही आसान है-
वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को



पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेंशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छी टोनर का काम करेगा।
इसके लिए आपको एक गिलास पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें। फिर आप इसे टोनर की तरह इस्तेरमाल करें और चेहरे को साफ करें।

## साड़ी के साथ बालों में लगाएं मांग टीका, देखें सुंदर डिजाइंस

शादी का सीजन जारी है। ऐसे में हर किसी ने अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग तो कर ही ली है। लेकिन ज्वेलरी भी अच्छे डिजाइन वाली चाहिए होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। कई सारे लोग मांग टीका अपने लहंगे के साथ लगाना पसंद करते हैं। लेकिन आप इसे चाहें तो साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के मांग टीका को ट्राई कर सकती हैं।

### पर्ल डिजाइन वाला मांग टीका

आप अपनी साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप पर्ल डजाइन वाले मांग टीका को लगा सकती हैं। इस तरह के मांग टीका लगने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। इसे आप अपने सेट के साथ मैचिंग करके भी अपने बालों में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक काफी सुंदर दिखेगा। मार्केट में आपको ये सेट या सिंगल भी मिल जाएगा।

### राजस्थानी स्टाइल मांग टीका



राजस्थान में भी मांग टीका काफी शुभ माना जाता है। हर तीज-त्योहार पर इसे लगाया जाता है। आप भी इसे साड़ी के साथ लगा सकती हैं। इसे आप गोल्ड से लेकर आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदें। फिर इसे अपनी साड़ी के कलर से मैच करके बालों में लगाएं। इसे लगाने से आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। साथ ही, आप अट्रैक्टिव नजर आएंगी। मार्केट में आपको इस तरह के मांग टीका अलग-अलग डिजाइन में मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

गर्मियों में कूल रहने के लिए सिर्फ कपड़े ही नहीं और भी बातों का रखना होता है ध्यान

## तपिश भरे मौसम में खुद को स्टाइलिश दिखाने अपनाएं जरूरी टिप्स, पसीने से भी होगा बचाव

गर्मी के मौसम में कूल दिखने और अच्छा महसूस करने के लिए हमेशा कॉटन के हल्के रंग के कपड़े पहनें। अगर आपको वर्क वाले आउटफिट्स पसंद हैं तो कढ़ाई के बजाय प्रिंटेड आउटफिट खरीद लें। गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। पंखे की हल्की ठंडक के बीच रजाई-कंबल के साथ ही स्वेटर-जैकेट भी फिर से पैक हो गए हैं। कुछ लोग हर मौसम में अपने वॉर्डरोब का मेकओवर करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो जानिए समर फैशन के बारे में। गर्मियों में हमेशा हल्के रंगों के कपड़े पहनें,इस मौसम में कॉटन फैब्रिक बेस्ट माना जाता है, अपने लुक को कैप और सनग्लासेस से कंप्लीट करें।

### समर फैशन में क्या है हिट

गर्मियों में ज्यादातर लोग कॉटन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। कॉटन यानी सूती कपड़े पहनने में हल्के होते हैं और पसीना भी कम आता है। गर्मी के मौसम में कूल रहने के लिए हमेशा सूती कपड़े ही पहनने चाहिए। ऑफिस जाने के लिए



लड़के कॉटन की हाफ स्लीव शर्ट और टीशर्ट ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने कलेक्शन में व्हाइट टीशर्ट भी रख सकते हैं। उसके ऊपर शर्ट पेयर कर आप बहुत स्टाइलिश लगेंगे।

### समर सीजन में कैसे पहनें कपड़े

सिर्फ कॉटन या समर फैशन के अनुकूल कपड़े खरीदने भर से आप कूल नहीं हो सकते हैं। अगर आप गर्मियों में वाकई ठंडक महसूस करना चाहते हैं तो आपको अपने कपड़ों को सही तरीके से पहनने का तरीका भी मालूम होना चाहिए।

### ढीले कपड़ों से मिलेगा आराम

गर्मी के मौसम में ढीले कपड़े पहनने चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहन लेते हैं, जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। दरअसल टाइट कपड़ों से त्वचा कस जाती है, जिसके बाद पसीना और ज्यादा निकलने लगता है। साथ ही आर्मपिट्स और दूसरी जगहों की स्किन भी छिल जाती है। इसलिए गर्मी के सीजन में कभी भी टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। आप टी-शर्ट, शर्ट, जींस, ट्राउजर में से जो भी पहनते हों, उसे लूज ही रखें। इससे आप कंफर्टेबल महसूस करेंगे।

### गंजी पहनना है सबसे जरूरी

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए सूती की गंजी जरूर पहननी चाहिए। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना भी सूख जाएगा।

